चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 234, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 16

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 02

एक नजर

आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी किये गए समन की खान द्वारा अवहेलना किये जाने को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

जम्मू। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

सलमान खान के घर के बाहर चलाई गोलियां

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

भाजपा का संकल्प पत्र

नयी दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।

परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

राजस्थान में शादीशुदा पुरुष से प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया कि इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है।

- समदड़ी थाने में मामला दर्ज, दो महिलाओं से हो रही पूछताछ

भाजपा के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉटर उतरने से रोकने को उखाड़ा
- पता लगने पर रात में ही मौके पर पहुंचे एसडीएम, भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।

सीकर में ट्रक-कार की टक्कर के बाद लगी आग, उप्र के सात लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

- विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा
- कार सवार सालासर बालाजी मंदिर से लौट रहे थे

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक के पिछले हिस्से से जाकर टकराई, जिससे कार में आग लग गई। मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी (गैस) लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई दुर्घटना के बाद आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और कार सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर आग बुझाई। चश्मदीद रामनिवास सैनी ने देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।

बदली जिंदगी | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी



- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।

ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	266
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

चेन्नई ने मुंबई इंडियंस को दिया 207 रनों का लक्ष्य

मुम्बई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया है।

रविवार को वानखेड़े स्टेडियम मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (5) रन का विकेट दूसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में रचिन रविंद्र 16 गेंदों में (21) रन बनाकर पवेलिय लौट गये। ऋतुराज और शिवम ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 90 रन जोड़े। ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए (69) रन बनाये। शिवम दुबे 38 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (66) रन पर नाबाद रहे। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। महेन्द्र सिंह धोनी ने आखिरी चार गेंदों में नाबाद 20 रन ठोकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। चेन्नई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 का स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से हार्दिक पंड्या ने दो विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4

अजिंक्य रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी	05
रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल	21
ऋतुराज गायकवाड़ कैच नबी बोल्ड हार्दिक	69
शिवम दुबे नाबाद	66
डैरिल मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक	17
एमएस धोनी नाबाद	20
अतिरिक्त : 8 रन कुल	

विकेट पतन : 1-8, 2-60, 3-150, 4-186

गेंदबाजी :

मोहम्मद नबी 3-0-19-0
गेराल्ड कोएत्जी 4-0-35-1
जसप्रीत बुमराह 4-0-27-0
आकाश मधवाल 3-0-37-0
श्रेयस गोपाल 1-0-9-1
हार्दिक पंड्या 3-0-43-2
रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0



शिवम दुबे — ऋतुराज गायकवाड़

खेल डायरी

अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताओं को खारिज किया

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मैक्सी (मैक्सवेल) के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह आज अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे।''

इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

अंजू और हर्षिता फाइनल में, सरिता मोर बाहर

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनायी जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में बाहर हो गई। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी। हर्षिता ने सिर्फ तीन अंक गंवायें। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी।

सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके

फिल सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 161/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव	10	08	2/0
केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल	39	27	3/2
दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क	08	10	1/0
आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन	29	27	2/1
स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती	10	05	2/1
निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क	45	32	2/4
कृणाल पंड्या नाबाद	07	08	0/0
अरशद खान बोल्ड स्टार्क	05	04	1/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

कोलकाता 162/2

15.4 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट नाबाद	89	47	14/3
सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन	06	06	1/0
अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन	07	06	0/1
श्रेयस अय्यर नाबाद	38	38	6/0

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0

आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

मुल्लांपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''

बॉलीवुड हलचल

शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

सप्तमी कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

एक नजर

काली मठिया में शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आज

कानपुर देहात। अकबरपुर के अशोक नगर स्थित काली मठिया में आज वैदिक मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाजों के बीच भगवान भोले शंकर की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। रविवार को आयोजक कमलेश मिश्रा व दिनेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य पं. माधव शुक्ल, पं. मोहित तिवारी, पं. आशुतोष तिवारी व पं. मनीष दुबे मंत्रोच्चारण के बीच प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही चौबीस घंटे का अष्टयाम यज्ञ एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को कराएंगे। इसमें विशेष रूप से सदाशिव आयर टेडर्स, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, विमल मिश्रा, शुभम मिश्रा मौजूद रहेंगे।

गिले-शिकवे भुलाकर छह जोड़े साथ रहने को राजी

कानपुर देहात। रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 36 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद छह परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी। यहां कांस्टेबल आरती, इन्दू, रागिनी, कंचन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में राम जन्मोत्सव को लेकर रूट डायवर्जन

कानपुर देहात। अयोध्या में सोमवार से श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर जनपद में रूट डायवर्जन किया गया है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि अयोध्या में 15 अप्रैल की दो बजे से 19 अप्रैल की देर रात तक श्रीरामनवमी जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसको देखते हुए सड़क यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। जनपद झांसी व औरैया की ओर से आने वाहन ऐसे बड़े वाहन जिन्हें गोरखपुर व बिहार की तरफ जाना है, वह सभी वाहन सिकंदरा, भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा, फतेहपुर, प्रयागराज, वाराणसी होते हुए गंतव्य को जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों को किसी भी हालत में कानपुर नगर, लखनऊ व अयोध्या होते हुए जाने की अनुमति नहीं होगी। जरूरत पड़ने पर यह नियम छोटे वाहनों पर भी लागू होगा।

रूरा में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

राजपुर कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

केक काटकर आंबेडकर जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

जिले भर में धूमधाम से मनी आंबेडकर जयंती

जगह-जगह निकाली गईं शोभायात्राएं, लोगों ने उत्साह के साथ किया स्वागत, बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। अकबरपुर समेत जिले भर में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला और डॉ. आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

रविवार को आंबेडकर जयंती पर अकबरपुर के उप मंडी स्थल पर कार्यक्रम हुआ। लोगों ने बाबा साहब के जीवन आदर्शों पर विचार रखे। राजपुर क्षेत्र के सिलहरा, भाल, जल्लापुर के आंबेडकर पार्क में गोरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिताया।



मूसानगर में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

शाहजहांपुर में आंबेडकर सुधार समिति ने शोभायात्रा यात्रा निकाली, जो मुगल रोड होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंची। यहां समिति के अध्यक्ष संजीत गौतम, कोषाध्यक्ष दीपक गौतम, संजीव गौतम, ग्राम प्रधान कल्यान सिंह, निर्मल, सुबोध गौतम, देवेंद्र कुरील, जगदीश आदि रहे।

रनियां में डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वी जयंती पर शेरपुर तरौंदा से शोभायात्रा निकली। नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर चेयरमैन विटान दिवाकर सहित संभ्रांत लोगों ने पुष्प अर्पित किए। यात्रा शेरपुर, रनियां बाजार, आंबेडकर नगर, चिटिकपुर होते हुए पुनः शेरपुर तरौंदा पहुंची। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, समाजसेवी अभिषेक सिंह, पिंकू भइया, रामकिशोर दिवाकर, सुरेश सक्सेना, जय गौतम, आयुष सक्सेना, जितेंद्र दिवाकर, विजय कुमार, पंकज पासवान, उपेंद्र, तरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

मूसानगर के आंबेडकर पार्क में केक काटा

मूसानगर कस्बे के वार्ड नंबर आठ आंबेडकर नगर स्थित आंबेडकर पार्क में लोगों ने हर्षोल्लास से केक काटकर जयंती मनाई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा निषाद के प्रतिनिधि विनोद निषाद, विजय सोनी, अखिलेश सोनकर, राकेश गुप्त, राहुल निषाद, पवन निषाद, विजय शंकर आर्य, मतीन अहमद, नौशाद कुरैशी, मुकेश सैनी, राधेश्याम कुरील सरोज, बृजमोहन, कुणाल सिंह, अमरदीप संखवार आदि लोग उपस्थित थे। रूरा क्षेत्र के बनीपारा, जजमुइया, सरगांव, बेनीगांव आदि गांवों में रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैंडबाजे के साथ रथ पर निकली झांकी

मंगलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खम्हैला स्थित आंबेडकर पार्क से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ। बाबा साहब व बुद्ध की सुंदर झांकी को रथ में बैठाकर भ्रमण कराया गया। यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर नवयुवक जमकर थिरके। पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर डॉ. सुशील कुमार गौतम, प्रधान गणेश तिवारी, दिलीप पाल, रवी कठेरिया, रामशरण गौतम, आदित्य कुमार, रविंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, कुलदीप कठेरिया, भानू कठेरिया, दिनेश कुमार, जीतू संखवार, बीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने जनपद के सभी मंडलों में मनाई जयंती

कानपुर देहात। रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी 18 मंडलों के 1574 बूथों पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। रनियां विधानसभा के जलालपुर ग्राम में बाबा साहब के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व सांसद देवेंद्र भोले, राजेश तिवारी, डा. सतीश शुक्ला ने पुष्प अर्पण कर याद किया। इस दौरान जितेंद्र सिंह गुड्डन, विनय प्रताप सिंह, कन्हैया कुशवाहा, विशंभर सोनकर, राम प्रकाश कुशवाहा, कृष्णा गौतम, ऋषि सिंह, बृजेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, शिव विलास मिश्रा, रचना त्रिपाठी, अर्चना मिश्रा, अनूप सिंह, बाल जी शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि रहे। वहीं डेरापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मुर्रा महोई मोड पर शांति पैलेस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर मिठाई का वितरण किया। इस दौरान सुमित गौतम, विजय कुशवाहा, चंद्रजीत बाथम, रूप सिंह चौहान, रामचंद्र कुशवाहा आदि रहे। इसी प्रकार संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खालागांव में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। उरसान गांव में डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार, शिवम् गौतम, रामदास आठवले, सियाराम, अमर सिंह, मुकेश कठेरिया, भगवानस्वरूप, अंकुश कुमार आदि रहे।

त्वचा व उल्टी-दस्त के 242 मरीजों का इलाज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। तेज धूप व बढ़ते तापमान के त्वचा व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। रविवार को आरोग्य मेले में 242 त्वचा व उल्टी-दस्त मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। दिन के समय तेज धूप निकलने से जहां तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं रात के समय हल्की ठंडक रहती है। ऐसे में लोग भी लापरवाही कर रहे हैं। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है और त्वचा व उल्टी-दस्त मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि दोपहर के समय तापमान

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. एके सिंह।

करीब 39 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय आधे बांह के कपड़े पहनते हैं। जिससे सूर्य की सीधी किरणों त्वचा पर पड़ती है और झुलसने लगती है। इससे बचाव करें।

वहीं बदलते मौसम में खानपान भी संतुलित न होने के कारण उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में लोग बाजार की खुली सामग्री खाने से बचें और घर का बना खाना ही खाएं। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क कर जांच के बाद दवा का सेवन करें। वहीं आरोग्य मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी भ्रमण करते रहे।

परचून दुकानदार ने फंदा लगा दे दी जान

मूसानगर। कस्बे के अच्युतानंद शास्त्री नगर वार्ड निवासी परचून दुकानदार ने फंदा लगा कर जान दे दी। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर छानबीन की है।

रविवार को मूसानगर के अच्युतानंद शास्त्री नगर निवासी अमित ने बताया कि शनिवार देर रात को घर के सभी लोग खाना खा रहे थे। वहीं छोटा भाई अंशू (26) अपने कमरे में था। आवाज देने पर कोई उत्तर नहीं आया तो कमरे में जाकर देखा तो अंशू पंखे से मफलर के सहारे फंदे पर लटका मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बन्द था। जब तक दरवाजा तोड़कर खोला उसकी जान जा चुकी थी।

अंशू।

मौत पर पत्नी रीना देवी, मां राधा देवी समेत अन्य परिजन बिलखते रहे। मृतक सब्जी मंडी गेट के पास फुटपाथ में परचून की दुकान लगाता था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतक के बड़े भाई की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

विजयीपुर के दो घरों से नकदी-जेवर चोरी

संवाददाता, मूसानगर

- फॉरेंसिक टीम ने छानबीन कर जुटाए साक्ष्य
- पुलिस ने डॉग स्क्वायड की भी मदद ली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के विजयींपुर गांव में एक ही रात में दो घरों से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात समेत नगदी पार कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने संकलित किए। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की भी मदद ली है।

विजयीपुर निवासी अमरेंद्र सिंह उर्फ सत्यवीर ने बताया कि वह अपने परिवार समेत घर के आंगन में सो रहे थे, तभी शनिवार की देर रात चोर घर से सटे टीनशेड के

चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी।

घर की छत पर मिला बक्सा।

सहारे दाखिल हो गए और कमरे का ताला तोड़कर सेफ, बक्से व सूटकेस में रखे करीब बीस हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवरात ले गए। वहीं गांव के यशवंत ने बताया कि वह परिवारीजनों के साथ अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात में चोर घर की दीवार से सटे शौचालय के सहारे छत से अंदर दाखिल हो गए और सभी कमरों के दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया।

इसके बाद गृहस्थी वाले कमरे में रखे सूटकेस व बक्से का ताला तोड़कर लगभग छह हजार रुपये व कीमती सोने-चांदी के जेवरात ले गए। रविवार सुबह घर का सामान बिखरा पड़ा था और बक्सा छत में तथा सूटकेस पीछे के खेत में पड़ा मिला। दो जगहों पर चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस बावत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने नमूने संकलित कर डॉग स्क्वाड टीम ने जांच की।

किसान सम्मान निधि नहीं तो वोट नहीं

मंगलपुर। इटावा लोकसभा क्षेत्र के जसापुर गांव के ग्रामीणों ने भी चुनाव बहिष्कार करने का एलान किया है।

संदलपुर ब्लॉक की दो ग्राम पंचायत हथूमा व उड़नवापुर में चुनाव बहिष्कार का एलान किया गया था। अब जसापुर के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की ठानी है। लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में एक भी किसान को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिला। किसी को भी गांव में चुनाव प्रचार के लिए घुसने नहीं दिया जाएगा। कृष्ण गोविंद सिंह, देवेंद्र सिंह, लल्लन सिंह, भानुप्रताप सिंह, जय सिंह, मानसिंह, गोपाल सिंह, हरिओम शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, जनवेद सिंह, किशोर सिंह ने कहा कि सभी गांव वाले एकजुट हैं।

जसापुर में बैनर लगा मतदान बहिष्कार का एलान हुआ।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अब सरकारी स्कूलों के बच्चे भी सीखेंगे कंप्यूटर की बारीकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक कमरे में स्थापित होगी कंप्यूटर लैब

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रारंभिक पढ़ाई में कंप्यूटर शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ कंप्यूटर के बारे में पढ़ाया जा रहा है। इसके लिए बीआरसी केंद्रों पर कंप्यूटर लैब विकसित की जा रही है। यहां आसपास के स्कूलों के बच्चों का शेड्यूल बनाकर रोजाना बुलाया जाएगा।

जनपद में 1925 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट स्कूल संचालित है। इन स्कूलों में करीब एक लाख 56 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं। ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत जहां स्कूलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। वहीं सरकारी स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं पूर्ण कराई जा रही है। निपुण आदि योजनाओं के तहत छात्रों को विभिन्न अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में होशियार बनाया जा रहा है।

वैसे काफी स्कूलों में कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। अभी काफी स्कूल ऐसे हैं, जहां कंप्यूटर लैब आदि नहीं है। ऐसे स्कूलों के छात्र-छात्राओं को बीआरसी केंद्रों पर बुलाकर प्रशिक्षित शिक्षक कंप्यूटर की पढ़ाई पढ़ाएंगे। जिला समन्वयक ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट कंप्यूटर लैब बनाई जाएंगी। स्कूलों में इन्वर्टर बैटरी, इंटरनेट की सुविधा, सात-सात कंप्यूटर सिस्टम आदि कार्य किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि आज तकनीकी ज्ञान यानी कंप्यूटर शिक्षा बहुत जरूरी है। परिषदीय स्कूलों के छात्र कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करेंगे। इसके लिए स्कूलों के अलावा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक कमरे में कंप्यूटर लैब विकसित की जाएगी। इनमें कंप्यूटर सिस्टम के साथ इंटरनेट, सीसीटीवी कैमरे आदि की सुविधाएं भी पूर्ण होंगी।

बीड़ी की चिंगारी से 40 किसानों की 60 बीघे गेहूं की फसल जली

सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन पुरवा के खेतों पर भड़की आग, दमकल टीम पहुंची

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बीच खेतों में आगजनी की घटना बढ़ती जा रही है। लेकिन इस बार खेत में खड़ी पकी गेहूं की फसल पर किसी व्यक्ति ने बीड़ी पीकर सुलगती हुई फेंक दिया। जिससे गेंहू के खेत में आग लगने से करीब 60 बीघा फसल जलकर खाक हो गया। खेत में आग लगते ही किसानों के सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन पुरवा में सुबह अचानक गेहूं के खेत में आग की लपट देखकर किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े। पहले किसानों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन जब आग विकराल होती चली गई तो फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से जलील, शमशेर, शाहनवाज, वकील, हमीद, योगेंद्र, देशराज, मोहम्मद मोइन, जुबैर, सोती पांडेय, फजू सहित 40 किसानों की 60 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। किसानों ने बताया कि किसी व्यक्ति ने बीड़ी पीकर खेत में फेंक दिया था, जिससे गेहूं की फसल में आग लगी है। जिला अग्नि शमन अधिकारी उमेश गौतम ने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। वहीं आग लगने के सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने जली फसलों का आकलन किया है। जली हुई गेहूं की फसलों का आकलन कर जिला प्रशासन रिपोर्ट भेजी जा रही है। जिससे किसानों को मुआवजा दिया जा सके। एडीएम विनय पाठक ने बताया कि गेंहू के खेत आग से जली फसलों का पूरे जिले में आंकलन कराया जा रहा है। जिससे समय से किसानों को मुआवजा मिल सके।

खेतों पर आग लगने के दौरान बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

फसल काट रहे किसानों पर मधुमक्खियों ने किया हमला, तीन गंभीर

बिंदकी। खेत में गेहूं की फसल काटते समय अचानक मधुमक्खियां ने हमला कर दिया। जिससे फसल काट रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मधुमक्खियां के हमले से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

रविवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के नौधी खेड़ा गांव में गेहूं की फसल काटने कुछ लोग गए थे। जहां फसल काटते समय मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। फसल काट रहे किसान मौके से भागने लगे लेकिन तब तक फसल काट रहे शिवाकांत, पुरुषोत्तम और छुट्टन के दस वर्षीय हनुमान पर हमला कर घायल कर दिया। जानकारी पर पहुंचे अन्य ग्रामीणों ने तीनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

फसल बचाने को रतजगा कर रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले में लगातार अलग-अलग कारणों से आग लगने से अब तक गेहूं की कई बीघे फसल बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में किसानों ने आग लगने की घटनाओं से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए खेतों में वक्त गुजार रहे हैं।

इस समय गेहूं की फसल पूरी तरीके से तैयार हो गई है। कुछ इलाकों में इसकी कटाई भी शुरू हो गई है। बिजली के शार्ट सर्किट के अलावा आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर दिन में बिजली न होने के बावजूद भी अलग-अलग वजहों से आग लग चुकी है। ऐसे में फसलों को आग की घटनाओं से बचाने के लिए किसान अब दोपहर में ज्यादा वक्त खेतों के आसपास बिता रहे हैं।

हालांकि बिजली विभाग की ओर से लगातार सहयोग किया जा रहा है। दिन में तेज हवा चलने पर आपूर्ति पूरी तरीके से बंद कर दी जाती है। जिससे कि शार्ट सर्किट या अन्य किसी बिजली से जुड़े कारणों की वजह से फसल को नुकसान न हो। किसानों का कहना है कि कई बार राहगीर बीड़ी, सिगरेट पीकर छोड़ देते हैं और उसी से आग लग जाती है। वही कई बार शार्ट सर्किट के चलते फसल का नुकसान होता है। ऐसे में जब दिन के समय खेतों के आसपास समय गुजर जाएगा तो फसल की निगरानी होगी और किसी आग की घटना को रोकने में भी सफलता मिलेगी।

सरियापुर गांव में फसल की रखवाली कर रहे किसान अवधेश तिवारी ने बताया कि लगातार जिले में आग लगने से गेहूं की फसल का नुकसान हो रहा है। ऐसे में रात में तो मौसम में नमी के चलते आग लगने की संभावना न के बराबर रहती है, लेकिन दिन में अब फसलों को सुरक्षित बचाए रखने और आग न लगे। इसके लिए निगरानी बहुत जरूरी हो गई है। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील की है कि वह दोपहर के समय खेतों के आसपास जरूर निगरानी रखें, जिससे कि किसी भी तरह की आग की घटना होने से रोका जा सके।

सरियापुर गांव में गेहूं फसल की निगरानी करते किसान अवधेश तिवारी।

बारिश के बाद तीखी धूप से हर कोई हुआ बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दोपहर में पारा पहुंचा 39 डिग्री छांव खोजते रहे राहगीर
- रात में बारिश होने के बाद दिन में निकली तेज धूप

अमृत विचार। जिले में भीषण गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। हालांकि रविवार की भोर तेज हवा के साथ बारिश भी हुई, उसके बावजूद धूप निकलते ही गर्मी अपने चरम पर पहुंचने को आतुर दिखी।

बीते शुक्रवार और रविवार को आंधी-बारिश के साथ कहीं कहीं ओला गिरने के बाद भी रविवार को सुबह से जिले में गर्मी का असर काफी बढ़ा रहा। दिन का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम की आद्रता 36 फीसदी रही, जबकि हवा की गति पांच किमी प्रति घंटा से 8 किमी प्रति घंटा के बीच रही। दोपहर के समय गर्म लू के थपेड़ों ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ाने का काम किया। अधिकतम तापमान अभी और बढ़ेगा। भीषण गर्मी के कहर से जनमानस के साथ पशु-पक्षी भी प्यास से परेशान होने लगे हैं। राहगीरों को भीषण गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल माह के पहले पखवारे में ही गर्म हवाएं चलने से लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। अप्रैल में ही पड़ रही अधिक गर्मी लोगों को समय से पूर्व ही कूलर एवं एसी मरम्मत के लिए मजबूर कर दिया है। कूलर मैकेनिक गुड्डू ने बताया कि सामान्यतः तो मई के बाद से कूलर की जरूरत पड़ती थी लेकिन गर्मी को देखते हुए काम पहले ही आना शुरू हो गया है।

धूप खिली तो खेतों पर फसल समेटने में जुटे किसान

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। यमुना कटरी क्षेत्र में शुक्रवार और रविवार को अचानक आए मौसम में बदलाव के बाद हवाओं के साथ कहीं झमाझम तो कहीं रिमझिम बारिश और आंशिक चने जैसे आकार के ओले गिर गए। जिसके चलते किसानों की खेतों में पककर खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। दिन में धूप निकलते ही किसान अपनी फसलों को सहेजने में जुट गए हैं।

इस समय किसान गेहूं की फसल को काटकर घर लाने या अनाज मंडी में विक्रय के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक बदले मौसम ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है। सदर तहसील के असोथर और हसवा ब्लॉक क्षेत्र के कई दर्जन से अधिक गांव में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हो गई है, जिससे भारी नुकसान होने की खबर है। शुक्रवार की दोपहर लगभग 4 बजे से 6 बजे के बीच अचानक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। वहीं रविवार की भोर पहर लगभग 4 बजे से 6 बजे तक तेज हवाओं के साथ ओला और बारिश हुई है। जहां मध्यम गति की हवाओं के साथ कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश शुरू हो गई तो कई गांव में बेर और चने के आकार के ओले गिरे। जिससे किसानों की खेतों में पक कर खड़ी हुई गेहूं की फसल भीग गई। दाने खेत में झड़ गए हैं। वहीं देरी से लगाई गई फसल जो अभी पकी नहीं थी, वह भी तेज गति की बारिश और ओलों से खेतों में गिर गई है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है तो वहीं फसल की गुणवत्ता और उसकी चमक पर भी विपरीत असर पडने की वजह से गेहूं उत्पादक किसान अब चिंता में डूब गए हैं।

बारिश के बाद खेत पर पड़े मड़ाई के लिए गेहूं के बोझ। अमृत विचार

फसलों की हालत देख किसान खासे मायूस

क्षेत्र में लगभग 20 से 25 प्रतिशत किसानों के द्वारा मौसम के मिजाज को भांपते हुए फसल को कटवा कर घरों पर सुरक्षित भेज दिया लेकिन शेष रहे किसान कटाई के कार्य में लगे हुए थे। तभी अचानक कुदरत का कहर बनकर ओलावृष्टि ने अन्नदाता की दिन रात मेहनत पर पानी फेर दिया। जिससे क्षेत्र के किसान हताश और निराश हो गए हैं।

इन गांवों में पड़ा प्रभाव

ग्रामीण सूत्रों की मानें तो सदर तहसील के असोथर, हसवा ब्लॉक क्षेत्र के घाटमपुर, कोटवा, मल्हीपुर, सुसवन, बुधरामउ, टीकर, आकूपुर, सेमरी, हैदरमऊ, रिठवा, छीछनी आदि ग्रामों में झमाझम बारिश के बीच चने और बेर के आकार के 15 से 20 सेकंड तक ओले गिरे। जिससे कई किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

राजस्व टीमें हुईं सक्रिय

बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सदर एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक हीरालाल सहित अन्य राजस्व अमला सक्रिय हो गया है। ग्राम कोटवारों के माध्यम से कहां-कहां ओलावृष्टि और कहां-कहां जोरदार बारिश से नुकसान हुआ है, वह सबकी जानकारी जुटाने में जुट गए हैं।

सार-संक्षेप

फीता काटकर उद्घाटन करते स्काउट मास्टर रामसागर पाल। अमृत विचार

टिंबर सप्लायर का हुआ उद्घाटन

फतेहपुर। शहर के लोधीगंज स्टेडियम के पीछे सर्विस रोड पर स्थित पाल टिंबर सप्लायर का उद्घाटन पूर्व जिला स्काउट मास्टर रामसागर पाल ने फीता काटकर किया। संचालक विनय पाल ने बताया कि सभी प्रकार के कट साइज सागौन की लकड़ी सबसे सस्ती और सबसे अच्छी कीमत पर मिलती है। सागौन की लकड़ी से बने हुए फर्नीचर जैसे सोफा, बेड, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल, चौखट, दरवाजा खिड़की आदि भी उपलब्ध हैं। इस मौके पर बच्चा लाल, कृष्ण औतार यादव, निर्मल कुमार पाल, देवी चरण त्रिपाठी, आनंद तिवारी, काली शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

कोर्ट के आदेश पर 11 लोगों पर डकैती और बलवा का केस

राजपुर : सट्टी में छह माह पूर्व दुकान के बाहर पिलर बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 11 लोगों के खिलाफ बलवा सहित डकैती का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपितों के तलाश में छापेमारी कर रही है। सट्टी के ग्राम प्रधान इरफान अहमद ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में 70 वर्षों से साप्ताहिक बाजार लगती है, जिसमें 20 वर्ष पूर्व प्रधान मुबीन अख्तर ने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत निधि से बाजार की जमीन पर चबूतरे का निर्माण और छाया के लिए टीनशेड लगवाया था। सितंबर 2023 में बाजार के चबूतरे पर गांव का अरशद पिलर का निर्माण कराने लगा। सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का विरोध करने पर ओसामा, अयाजुल, जमालुद्दीन, अरशद, सय्यद, नियामुल, मोहम्मद मियां, मिस्बाहुल, जियाउल, शाकिब, कैफ ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया। पीड़ित जान बचाने के लिए अपनी दुकान में घुस गया तो सभी लोग दुकान में घुस आए और गोलक में रखी 12 हजार की नकदी लूट ली। पीड़ित ने बताया कि घटना की वीडियो क्लिप और तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस मामले में सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। एक महिला ने रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मायके से पहुंचे पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। चांदपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकापुर खदरी निवासी रामकृपाल ने अपनी पुत्री ललिता की शादी 11 जून 2023 को लाला का पुरवा निवासी अर्जुन के साथ की थी। बताया कि संदिग्ध अवस्था में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महारास के पंच गीत भागवत के पंच प्राण

रूरा। अंबरपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

रविवार को कथा वाचिका किशोरी पूनम ने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, ऊधव-गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया।

14 लाख के चावल चोरी में राइस मिल पर उठे सवाल

संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस ने बताया मामला संदिग्ध, जांच जारी
- एक रात में चोरी हुआ 450 क्विंटल चावल

अमृत विचार। राइस मिल का ताला तोड़कर 14 लाख की कीमत के चावल चोरी के मामले में पुलिस ने संदिग्धता जताई है। बता दें कि मामले की जानकारी होते ही मिल मालिक ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कटरा अब्दुल गनी निवासी बद्री बाबू गुप्ता ने बताया कि उनकी चौफेरवा मे लक्ष्मी राइस मिल है। शनिवार की रात चोर दीवार तोड़कर मिल के अंदर पहुंचे। चोरों ने गोदाम के शटर का ताला तोड़कर गोदाम मे रखी 450 क्विंटल चावल की बोरियां किसी वाहन में भरकर चोरी कर ले गए। मिल मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के बाद पुलिस ने पूरे मामले को संदिग्ध बताया है। बता कि पूरे मामले में पुलिस की जांच में शुरुआती दौर में ही सवाल उठ गए हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना में राइस मिलर की ही संदिग्ध भूमिका दिख रही है। गोदाम से 450 क्विंटल चावल की बोरियां एक ही रात में चोरी होने का मामला किसी के गले से नहीं उतर रहा है। पुलिस का मानना है कि इतनी भारी मात्रा में चावल के गोदाम में सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी गार्ड क्यों नहीं लगाया गया। बताया जा रहा है कि यह चावल सरकारी भी था। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत

बहुआ फतेहपुर । नगर के सेंट विजन इंटर कॉलेज में केजी से लेकर 11 तक बच्चों का रिजल्ट कार्ड वितरण किया गया। जिसमें कक्षा में आए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर के सम्मानित किया गया। वहीं विशेष सम्मान के पात्र हुए विद्यार्थी अणुव्रत पूरे सत्र विद्यालय में किसी भी दिन अनुपस्थित ना होकर के अपना पूर्ण योगदान उपस्थित के रूप में प्रदान किया, उन्हें भी प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक आरके सिंह ने बताया कि बच्चों को उत्साहित करने के लिए मेडल दिए जाते हैं।

सड़क हादसों में दो लोगों की गई जान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। खागा कस्बा निवासी शारदा प्रसाद अग्रहरि का पुत्र अरविंद कुमार अग्रहरि दूध का कारोबार करता था। रविवार सुबह वह बाइक लेकर किसी काम से जा रहा था। जब वह किशनपुर रोड अकोढ़िया मोड़ के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सरांय मशायक गांव निवासी यूसुफ हसन ऐरायां से वापस बाइक से घर जा रहा था। जब वह बहेरा चौकी चौराहा नहर के पास पहुंचे तभी अचानक रोड पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा गई। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसेमृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गैस्ट्रो क्लीनिक में लोगों का किया गया उपचार

फतेहपुर। शांति नगर जीटी रोड में रविवार को न्यू राधे हॉस्पिटल में पहली बार गैस्ट्रो क्लिनिक के विशेषज्ञ डॉ अनुराग सचान द्वारा पेट, आंत, अमाशय रोग के विशेष कंसलटेंट गैस्ट्रो एंटेलॉजिस्ट एवं पेट एवं लिवर रोग का उपचार किय गया। इनके लक्षण जैसे एसिडिटी अपचाई कब्ज पेट दर्द पीलिया जिगर में सूजन भूख और वजन घटा बार-बार उल्टियां होना सच में खून आना पेट में पानी भरना लीवर सिरहोसिस न आदि रोगों के उपचार के लिए उन्होंने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी।

55 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। दस लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

Court Of Additional Motor Accident Claims Tribunal Nagod District Court, Satna

Presiding Officer: श्री सचिन शर्मा

(आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेत

(MACC/0000170/2021)

रुकमणी उपाध्याय – वादी V/s

इसरार हुसैन– प्रतिवादी

Process id–315/2024

पेशी दिनांक– 07/05/2024

प्रेषिती–

(1) इसरार हुसैन फतेहपुर पिता नसीरूजमा खान, पता– बिंदकी थाना बिंदकी जिला फतेहपुर

यह कि प्रार्थी रुकमणी उपाध्याय ने आपके विरुद्ध एमएसीसी 170/2021 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात। हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वय या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराड़े का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें यह आज तारीख 12 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश

(सचिन शर्मा)

धर्म -अध्यात्म

दर्शनार्थियों की भीड़ के चलते मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए लगीं कतारें

भक्तों को अमोघ फल देतीं हैं मां कात्यायनी

संवाददाता, मूसानगर/राजपुर

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के छठवें दिन महिषासुरमर्दिनी मां कात्यायनी के पूजन के लिए मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ रही। इस दौरान देर शाम तक भजन-कीर्तन चलते रहे।

मूसानगर में उत्तर वाहिनी यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों ने पहुंच मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को दर्शनार्थियों की भीड़ अधिक होने के कारण दोहरी लाइन लगवा कर दर्शन-पूजन कराए गए। भक्तों ने लंबी-लंबी लाइनों में खड़े रहकर माता के दर्शन किए। भक्तों ने पूजन सामग्री से सजी थाल में नारियल, चुनरी, फल-फूल आदि चढ़ाकर माता को प्रसन्न किया। वहीं महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाए। मंदिर के मुख्य पुजारी राजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि नवरात्र के छठवें दिन देवी के कात्यायनी स्वरूप की उपासना की जाती है। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद, हुब्बलाल पाल, महेश शुक्ला, केशव मिश्रा, सोहनलाल निषाद, राजेंद्र यादव, मयंक द्विवेदी, राजू सैनी, विनोद कुमार उर्फ बज्जू मंदिर व्यवस्था में लगे रहे। वहीं कस्बे के मध्य स्थित ऐतिहासिक देवयानी सरोवर तट पर विराजमान मां काली देवी मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। लोगों ने पूजन-अर्चन कर परिवार के लिए सुख शांति समृद्धि की कामना की। वहीं राजपुर कस्बा के शीतला माता मंदिर में माता के छठवें स्वरुप माता कात्यायनी देवी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान लोगों ने माथा टेककर मनौतियां मांगी। कहा जाता है कि मां कात्यायनी भक्तों के रोग, शोक, संताप और भय को नष्ट करती हैं। रविवार की रात्रि को शीतला माता मंदिर में देवी भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

शीतला देवी मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं।

मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए लगीं भक्तों की कतारें। अमृत विचार

फौजी सुमित का शव गांव पहुंचा

रसूलाबाद। आर्मी हेडक्वार्टर दिल्ली में तैनात जवान की सड़क हादसे में मौत और रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।

रसूलाबाद क्षेत्र के ओरिया गांव निवासी राजेंद्र सिंह यादव के पुत्र सुमित यादव (28) भारतीय सेना में दिल्ली में तैनात थे। एक सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद सेना के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इसके बाद सेना के वाहन से उनका शव ओरिया गांव पहुंचा तो लोगों का तांता लग गया। हर किसी की आंखें नम थीं। सुमित अविवाहित थे। भाई और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सुमित बहुत ही सीधे और मिलनसार थे।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

धूमधाम से मनाई गई संविधान शिल्पी की जयंती

आकर्षक झांकियों के साथ कई स्थानों से निकलीं शोभायात्राएं, बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया याद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को जिले में कार्यक्रमों की धूम रही। सुबह से आंबेडकर पार्क में स्थित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का सिलसिला शुरू हुआ। आयोजकों ने शोभा यात्रा हर्षोल्लास से निकाली। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा डीजे साउंड पर बाबा साहब के गीत व संदेश गुंजायमान होते रहे।

संविधान निर्माता, बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं अन्य कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। डॉ. बाबा साहब आंबेडकर विकास समिति के तत्वावधान में आंबेडकर पार्क में जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। तमाम वक्ताओं ने बाबा साहेब द्वारा किए कामों का बखान किया। इसी तरह से शहर के पत्थरकटा चौराहा पर शोभा यात्रा में निकलने वाले लोगों के लिए शर्बत बांटा।

बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम।

शोभा यात्रा में शामिल लोगों का हुजूम। अमृत विचार

गरीब बच्चों को बांटी गई शिक्षण सामग्री

फतेहपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अल्लीपुर स्थित गरीब बस्तियों में रहने वाले बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर सामग्री वितरण किया गया। बस्ती में बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। युवा विकास समिति प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के तीन मूलमंत्रो में निहित है। शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो। जागरूक होने के बाद स्वयं को संगठित करना और फिर अपने उद्देश्य के लिए संघर्ष करना था। इस अवसर पर संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, आफताब, मुकेश, अमन दीक्षित, ओम मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

जहानाबाद। कस्बे के लालूगंज में स्थित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय में भी डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर, रंजन लाल त्रिवेदी, मनोज निषाद, महेश चौरसिया, शिवसागर सोनकर, रामबली निषाद, राम सजीवन गौड़, भरत उत्तम, डॉक्टर ओमप्रकाश पाल, शिवम निषाद, अकील राइन, गीता गुप्ता, अभिषेक पांडेय, राज बहादुर, कमलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

असोथर में जयंती पर हुए कार्यक्रम और भंडारे

असोथर। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नगर पंचायत असोथर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। बाबा साहब के अनुयायी उनकी तस्वीर, प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। मिश्रा टोला में भाजपा मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह अपने असोथर सेक्टर अध्यक्ष विवेक मिश्रा की टीम सहित पहुंचकर बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसी तरह किलापर स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर पूर्व प्रधान और अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के जोन प्रभारी रमेश चंद्र पासवान की अगुवाई में पूरी टीम के साथ माल्यार्पण कर जयंती मनाई। वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में असोथर मंडल के घाटमपुर ग्रामसभा में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता महेश सिंह गौतम के नेतृत्व में आयोजित जयंती समारोह कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

बाबा साहेब की प्रतिमा माल्यार्पण करते भाजपाई। अमृत विचार

खखरेरू नगर में बाबा साहेब को किया नमन

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। खखरेरु नगर पंचायत में डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। दरियामऊ, रक्षपालपुर, कनपुरवा, समेत कई स्थानों पर रैली का आयोजन किया गया। बाबा साहब रैली कार्यक्रम के मुख्य संचालक मंजीत कुमार, व सभासद सुनील कुमार रहे। रैली में आई हुई जनता जनार्दन का नगर पंचायत क्षेत्र के कई हिस्सों में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

सभासद सुनील कुमार ने बताया कि बाबा साहब ने जाति-पाति धर्म एवं वर्ग से ऊपर उठकर देश को वह किताब दी जिससे समूचा देश का संचालन किया जा सके। डॉक्टर बी आर आंबेडकर अपने परिवार के 14 और सबसे छोटे बच्चे थे उनका शुरुआत में जीवन संघर्ष से भरा रहा। इस मौके पर सुनील कुमार सभासद दरियामऊ, मनजीत कुमार कोठारी, धर्मेंद्र सोनकर, गजाली बेग, सुनील पासवान, धर्मेंद्र पाल, मोहम्मद हाशिम, मथुरा प्रसाद, विश्वकर्मा लवकुश, गौतम अभिलाष निषाद आदि लोग रहे।

केक काटकर मनाई जयंती

औंग। बाबा साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर कौड़िया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शत्रुघन यादव द्वारा छोटी छिवली स्थित आंबेडकर पार्क में भारत रत्न डाक्टर आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इसी तरह से कीचकपुर में अम्बेडकर कमेटी के सचिव विजय कुमार व अध्यक्ष मनोज कुमार तत्वाधान में केक काटकर जयंती मनाई गई।

खखरेरू नगर पंचायत में भी निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- नवरात्र के छठवें दिन मंदिरों में किया गया विशेष श्रृंगार
- मंदिर से लेकर घरों तक भक्तों ने देवी मइया की पूजा की

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में माता का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार भी किया जा रहा है। देवी गीत व लांगुरिया के साथ साउंड पर चारों ओर देवी गीत गुंजायमान हो रहे हैं। दुर्गा मंदिर पर खासकर सुबह शाम की आरती में भक्तों की भीड़ जुट रही है।

शक्ति के छठें रूप को मां कात्यायनी के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना से जीवन के चारों पुरुषार्थों अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की आसानी से प्राप्त हो जाती है कात्यायन ऋषि देवी को अपनी पुत्री के रूप में चाहते थे, इसलिए मां दुर्गा अपने कात्यायनी स्वरूप में उनके यहां प्रकट हुई थीं। मां कात्यायनी ने ही महिषासुर जैसे अत्याचारी असुर का वध किया था। मां कात्यायनी का रूप भव्य तथा प्रभावशाली होता है। उनका रूप सोने की तरह चमकीला है। देवी कात्यायनी की चार भुजाएं हैं माता को शहद पसन्द होने के भक्तों ने पूजन में मां को शहद का भोग अर्पित कर पुरुषार्थ की कामना भी की। दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। यहां पर भक्तों ने माता का पूजन अर्चन किया। मंदिरों के अलावा घरों में भी उपासक विधि-विधान के साथ मइया की पूजा अर्चना कर रहे हैं। छठवें दिन भी कई घरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया। उपासकों ने कन्याओं की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की उसके बाद उन्हे भोज कराया और दान देकर उन्हे विदा किया।

कन्याभोज में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं। अमृत विचार

दो महीने से फरार दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। घर पर अकेली युवती से पड़ोसी युवक ने घर के अंदर घुसकर वेलेंटाइन-डे के दिन जबरन दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर मारपीट करते हुए युवक ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और दो महीने बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि वेलेंटाइन डे पर घर में मेरी पुत्री अकेली थी। परिवार के सभी लोग एक कार्यक्रम में गए थे। गांव का एक युवक विमल उर्फ मूसे 24 वर्ष ने घर के अंदर घुसकर बेटी से दुष्कर्म किया था। बेटी के विरोध करने पर बेटी को पीटते धमकी देते हुए भाग गया था। जब हम लोग घर पहुंचे तो बेटी ने पूरी बात बताई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में दो माह से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पीड़ित युवती को मेडिकल कराया जा चुका था।

- वेलेंटाइन डे के दिन घर में घुसकर की थी वारदात
- असोथर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर भेजा जेल

बाबा साहेब के कृतित्व का किया बखान

प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं साध्वी निरंजन ज्योति।

जुलूस निकालते बाबा साहेब के अनुयायी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भारत रत्न भीमराव आंबेडकर जयंती जिले के बूथ स्तर तक समरसता दिवस के रूप से भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा माल्यार्पण करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर देश को आगे बढ़ाने के संकल्प को दोहराया गया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि बाबा साहब के सामाजिक न्याय की सोंच को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्ण किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलदीप भदौरिया, अभिजीत भारती, सन्तोष द्विवेदी, विनोद गौतम, अभिषेक गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धाता कस्बे में भी बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

धाता। नगर पंचायत धाता में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनकी प्रतिमा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज ने माल्यार्पण करते हुए उन्हे याद किया। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का बखान किया। उन्होंने मौजूद लोगों से बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने की बात कही। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज, मनीष पासवान, मोहम्मद कलीम, गब्बर केसरवानी, अवधेश पासवान, गुलाब सोनकर, सिद्धार्थ कुमार आदि रहे।

रुकने का नाम नहीं ले रही है मौरंग की ओवरलोडिंग

संवाददाता फतेहपुर

- ओवरलोडिंग रोकने का दम भर रहे विभागीय अधिकारी

अमृत विचार। प्रशासन के लाख प्रयासों और दावों के बाद भी जिले की खदानों से ओवरलोडिंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिले व शहर के मार्गो पर खुलेआम मौरंग लदे ओवरलोड ट्रक फर्राटा भर रहे है।

ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाई का दम भरने वाले जिम्मेदारों को आईना दिखाता एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि जिम्मेदार केवल कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर रहें है। ओवरलोडिंग का एक ऐसा नजारा रविवार को उस समय देखने को मिला जब बांदा सागर रोड के बहुआ में जाम लग गया। थोड़ी देर में ही कई ओवरलोड वाहनों की लम्बी कतार लग गई। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नजारा देख कर ऐसा लग रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने बैठे हैं।

गौशाला नहीं, सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर इस बार भी पूरी तरह से अन्ना घूम रहे गोवंशों को पकड़ कर गौशाला तक नहीं पहुंचाया जा सका। अन्ना मवेशी बड़ी संख्या में अभी भी खेत से लेकर सड़कों तक घूम रहे हैं। इससे हर समय हादसा होने का डर लगा रहता है।

इस क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो गोवंशों का दूध निकालने के बाद उन्हें फसलें चरने के लिए छोड़ देते हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है पर समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे लोग परेशान हैं। अब गर्मी का मौसम है। खेत में तैयार होती फसलों व पक चुकी फसलों की रखवाली के लिए किसान मेहनत कर रहे हैं। जिले में हर तरफ अन्ना मवेशी अभी भी बड़ी संख्या में सड़कों पर हैं। बात शहर की करें तो शायद ही ऐसा कोई मोहल्ला या सड़क होगी जिसमें अन्ना गोवंश विचरण करते न नजर आएं। नेशनल हाईवे मार्ग पर भी अन्ना मवेशी घूम रहे हैं।

कूड़े के ढेर में भोजन तलाशते गोवंश। अमृत विचार

करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

संवाददाता बिंदकी

- बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के छोटेलालपुर की घटना

अमृत विचार। घर के अंदर काम करते समय अचानक एक महिला बिजली के करंट की चपेट में आ गई। यह देख परिजनों ने उसे किसी तरह से करंट से अलग किया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के छोटेलालपुर गांव के रहने वाले शिरोमणि की पत्नी शीला देवी रविवार को अपने घर के अंदर काम कर रही थी तभी घर में खुले पड़े बिजली के तारों की चपेट में आ गई। जिससे वह करंट से चिपक गई। यह देख परिजनों ने उसे किसी तरह से करंट से अलग किया। हालत गंभीर देख परिजनों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया।

सती आश्रम में अष्टमी को होगा विशाल भंडारा

जाफरगंज। सती धाम आश्रम के संस्थापक एवं पीठाधीश्वर आध्यात्मिक यात्रा के सूत्रधार सच्चिदानंद जी महाराज की एक अप्रैल दिन सोमवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। उनकी पुण्य तिथि पर 16 अप्रैल दिन मंगलवार को खोडसी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

NOTICE

I, Poonam Arora W/O Indresh Sharma R/o - 155 Malhour Road Nikat Islamia School Chinhat Lucknow U.P. 226028 have changed my name from Poonam Arora to Poonam Sharma after marriage for all future purpose. Poonam Arora and Poonam Sharma both names belong to the same person.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में संजीव कुमार और आधार कार्ड,पेन कार्ड में संजीव कुमार पोरवाल अंकित है। संजीव कुमार और संजीव कुमार पोरवाल दोनो ही नाम मेरे ही हैं। अतः पासपोर्ट में भी मेरा नाम संजीव कुमार पोरवाल अंकित कर द्वितीय प्रति निर्गत कर दी जावे। **–संजीव कुमार पोरवाल पुत्र स्व श्याम बिहारी लाल पोरवाल, निवासी– बसरेहर, जिला– इटावा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिलशाद से बदलकर दिलशाद आलम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–दिलशाद आलम पुत्र सोनहन, निवासी– ग्राम रामपुर बारह कोनी, पोस्ट व थाना धनघटा, जिला सन्त कबीर नगर 272162**

अंधेरगर्दी मामला संज्ञान में होने के बावजूद विभाग कर रहा अनदेखी

बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे नर्सिंग होम

संवाददाता, खागा (फतेहपुर)

अमृत विचार। खखरेरु नगर क्षेत्र में इस समय दर्जनों अवैध नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से चल रहे हैं। गर्मी का मौसम आते ही नगर से लेकर गांव मोहल्ले तक नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर तथा पैथोलॉजी संचालकों का बोलबाला काफी तेजी के साथ बढ़ जाता है।

क्षेत्र की भोली-भाली जनता अप्रशिक्षित डॉक्टर के चंगुल में फंसकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है, वहीं मेडिकल लाइन का ककहरा तक जिनको नहीं पता है वह भी अपने आप को डॉक्टर की उपाधि देने में लगे हुए हैं। बता दें कि खखरेरु नगर के सीएचसी हॉस्पिटल के ठीक सामने एक अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। सूत्रों की मानें तो बिना पंजीयन के संचालित नर्सिंग होम में गर्भपात जैसा काम भी होता है। हालांकि जानकारों ने बताया कि इस नर्सिंग होम का संचालक विभाग के जिला क्षय रोग विभाग व एचआईवी विभाग के लोग भी अपनी पैठ जमाए हुए हैं। जिसका वह पूरा लाभ उठा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि विभाग में बैठे उच्चाधिकारियों का भी बहुत अच्छे से आशीर्वाद उन्हें प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार इस नर्सिंग होम के संचालक के पास कोई भी डिग्री नहीं है लेकिन अपने नाम के आगे डॉक्टर नाम का उपयोग बखूबी कर रहा है वहीं सोचने वाली बात यह है कि आखिरकार स्वास्थ्य विभाग भी नींद से कब बाहर आता है। जब किसी नर्सिंग होम में किसी मरीज की जान चली जाती है तो सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हुए उस पर कार्यवाही के नाम पर नोटिस थमा दी जाती है। जबकि कुछ दिन पहले एक नवजात बच्चे की जान इसी नर्सिंग होम में चली गई थी। इस मामले में भी स्वास्थ्य विभाग चुप्पी साध गया था।

मामले में सीएमओ इश्तियाक अहमद ने बताया की इससे पहले भी इन पर कार्यवाही हो चुकी है। इस बार बकायदा टीम गठित कर भेजी जाएगी और कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा जो जनता के साथ खिलवाड़ कर रहें है।

- खागा क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक संचालित हो रहे ऐसे मानक विहीन अस्पताल

एक सप्ताह में ही ध्वस्त होने लगा सम्पर्क मार्ग

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। अयाह-शाह विधानसभा के अंतर्गत दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला गाजीपुर असोथर मार्ग से प्रेममऊ कटरा से बेरुई संपर्क मार्ग पिछले कई सालों से ध्वस्त था। जिसको देखते हुए व ग्रामीणों की मांग पर विधायक विकास गुप्ता ने पैरवी करके इस संपर्क मार्ग के नवनिर्माण के लिए बजट पास कराया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, कि अब ध्वस्त मार्ग से निजात मिलेगी। मानकविहीन सामग्री के साथ निर्मित हो रहे मार्ग ने ग्रामीणों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

सम्पर्क माह का निर्माण मार्च माह से कार्यदाई संस्था ने शुरू किया। जिसमें मानक को दरकिनार करते हुए संपर्क मार्ग का निर्माण किया था। जिसमें बनने के एक सप्ताह ही गिट्टियां उखड़ने लगीं, जगह जगह डामर गिट्टी उखड़ कर फैल रही है। जिसके कारण पुनः रास्ता खराब हो रहा है। जबकि ग्रामीणों ने मानक विहीन कार्य की शिकायत लोक निर्माण विभाग खंड-2 से की थी। लेकिन विभाग ने कोई सुधि नहीं ली। जिससे ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुऐ मानक को दरकिनार करते हुए संपर्क मार्ग का निर्माण कराया। जिसके कारण एक हफ्ते में ही नवनिर्मित मार्ग की गिट्टियां डामर सहित उखड़ने लगीं, जिससे ग्रामीणों में खासा रोष देखने को मिल रहा है।

सड़क पर उखड़ी पड़ीं गिट्टियां। अमृत विचार

- अभी हाल ही में लाखों की लागत से बना था संपर्क मार्ग
- पीडब्ल्यूडी और कार्यदायी संस्था की घोर लापरवाही

एक सप्ताह में ही गिट्टियां उखड़ने की शिकायत है तो इसकी जांच कराकर कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

–अरविंद कुमार
अधिशासी अभियंता

बोले ग्रामीण

जमलामऊ गांव निवासी राजेश तिवारी ने बताया कि भ्रष्ट नीतियों के चलते यह मार्ग बनने के एक हफ्ते में ही उखड़ने लगा। इससे यही साबित होता है कि लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार के चलते ठेकेदार ने मानक विहीन कार्य कराया।

बेरुई निवासी राजू ने बताया कि दशकों से ध्वस्त पड़ी सड़क में जब कार्य शुरू हुआ तो बड़ी खुशी हुई। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन तक नहीं रही। लेकिन यहां तो पांच साल तो बहुत दूर की बात है पांच दिन में सड़क उखड़ने लगी, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

भाजपा के पुराने 'सारथी' ने अपनाए 'बागी' तेवर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल भाजपा से असंतुष्ट, अब जातीय गोलबंदी में जुटे
- दो बार विधूना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लड़ चुके चुनाव

अमृत विचार। भाजपा के संघर्ष के दिनों में 'सारथी' रहे पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल ने अब बागी तेवर अपना लिए हैं। हालांकि वह अभी किसी अन्य पार्टी में नहीं गए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि वह जातीय गोलबंदी कर नुकसान कर सकते हैं। बीच में वह भाजपा छोड़ कर बसपा में शामिल हो गए थे और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें राज्यमंत्री पद भी नवाजा था, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले वह फिर भाजपा में लौट आए थे।

कानपुर देहात की रसूलाबाद विस क्षेत्र के शाहपुर डेरापुर गांव के रहने वाले सतीश पाल दो बार निर्विरोध ग्राम प्रधान भी रह चुके हैं। सियासत में लंबी छलांग लगाने के लिए वह ब्लॉक प्रमुख से लेकर जिला पंचायत सदस्य भी रहे और 2002 के विधानसभा चुनाव में औरैया जनपद की विधूना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सामने आए। 2007 में भी वह इसी सीट से चुनाव लड़े थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। 2009 में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया तो तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया। 2014 में सतीश पाल ने भाजपा से कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से टिकट की मांग की, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने युवा नेता सुब्रत पाठक को मैदान मं उतार दिया। इसके बाद 2019 में उन्होंने फिर टिकट मांगा, लेकिन भाजपा ने फिर से सुब्रत पर दांव आजमाया और इस बार सफलता हाथ भी लगी। अब 2024 के चुनाव में सतीश पाल ने फिर से टिकट मांगा, लेकिन इस बार भी उन्हें नहीं दिया गया।

पूर्व मंत्री सतीश पाल।

गठबंधन ने फेर दिया मंसूबों पर पानी

वर्ष 2000 में जब मुलायम सिंह यादव कन्नौज से सांसद बने और उन्होंने आजमगढ़ के कारण यहां की सीट छोड़कर अपने बेटे अखिलेश यादव को उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया, तब भाजपा ने सतीश पाल को लोकसभा का टिकट दिया था। बाद में भाजपा और लोकतांत्रिक कांग्रेस गठबंधन के कारण यहां से प्रतिमा चतुर्वेदी को प्रत्याशी बना दिया गया। ऐसे में सतीश पाल लोकसभा चुनाव लड़ने से फिर वंचित रह गए। 2004 में भाजपा ने अखिलेश के सामने पैराशूट प्रत्याशी रामानंद यादव को उतार दिया तो 2009 के चुनाव में युवा कार्यकर्ता सुब्रत पाठक को पहली बार भाजपा ने चुनाव लड़वाया था।

मैनपुरी से भी भाजपा का टिकट मांग चुके सतीश

पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा से टिकट की मांग की थी। सपा ने डिंपल यादव को लड़ाया तो भाजपा ने रघुराज सिंह शाक्य पर दांव आजमाया था। सतीश पाल ने बताया कि भाजपा हम से अपेक्षा करती है और पार्टी में लगातार हमारी उपेक्षा हो रही है। वह राजनीति के अलावा अपने समाज का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में भाजपा हाईकमान बताए कि इस चुनाव में उन्होंने उनके समाज से कितने प्रत्याशियों को टिकट दी है। कई बार उनके साथ धोखा किया गया है, जिसका खामियाजा सियासी क्षत्रपों का भुगतना पड़ेगा।

मतदान का संदेश ...

जसोदा, कन्नौज। सदर तहसील कन्नौज क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को स्वीप कार्यक्रम किया। इसमें कई गतिविधियां की गईं। घास पर बैठकर छात्राओं ने संख्या बल से अंग्रेजी में वोट लिखा। छात्र भी किनारों पर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर खड़े रहे। सभी ने 13 मई को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य शिवमोहन कुशवाहा, डॉ. विष्णुकांत गुप्ता, सस्मित द्विवेदी, संदीप शर्मा, रचना वर्मा, राजकुमार, फैज सिद्दीकी, आकाश गुप्ता, वीणा मुलजानी, दीपक कुमार, धीरेंद्र यादव, अरविंद अवस्थी, मनोज मौजूद रहे।

मतदान कार्मिकों को इस मर्तबा नहीं दिया जाएगा नकद मानदेय

सीधे खातों में जाएगी धनराशि, नकदी लेकर चलने को बताया आचार संहिता का उल्लंघन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भारत निर्वाचन आयोग ने खत्म की नकद धनराशि दिए जाने की व्यवस्था
- चुनाव आयोग के पोर्टल पर की जा रही मतदान कार्मिकों के खातों की फीडिंग

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों को इस बार पोलिंग बूथ पर नकद मानदेय नहीं दिया जाएगा, बल्कि धनराशि उनके खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिशियरी ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जाएगी। इसके लिए सभी मतदान कार्मिकों के खातों की फीडिंग चुनाव आयोग के पोर्टल पर की जा रही है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार खत्म कर दिया है।

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पीठासीन अधिकारी समेत चार मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। हर बार मतदान के दिन पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंचने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान कार्मिकों को नगद धनराशि के रूप में मानदेय देते थे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि कार या किसी अन्य वाहन में नकद धनराशि लेकर चलना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग ने डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में धनराशि भेजने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी को दिए हैं। इसके लिए जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके बैंक खाते की फीडिंग पोर्टल पर की जा रही है। 12 मई को मतदान की पूर्व संध्या पर यह धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।

ऑनलाइन दर्ज होगी मतदान कार्मिकों की हाजिरी

लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों की हाजिरी ऑनलाइन ली जाएगी। इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट को एक एप दिया गया है, जिसमें सभी मतदान कार्मिकों के नंबर फीड होंगे। बूथ पर उपस्थित होने के बाद उनकी हाजिरी एप में दर्ज कर दी जाएगी। सभी पोलिंग बूथों की जिओ टैगिंग पहले ही कर ली गई है, जिससे लोकेशन के अनुसार मतदान केंद्र की स्थिति अधिकारियों को स्वत: ज्ञात हो जाएगी।

नगद मानेदय की व्यवस्था को इस बार चुनाव आयोग ने खत्म कर दिया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि खातों में भेजी जाएगी। इस प्रक्रिया से सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बूथों पर नकद धनराशि नहीं ले जानी पड़ेगी।

-आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

दहेज में चार लाख रुपये नहीं देने पर गर्भवती को पीटा

छिबरामऊ, कन्नौज। दहेज में चार लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने गर्भवती महिला की डंडों व बेल्टों से पिटाई कर दी। पीड़िता ने पति व अन्य ससुरालीजनों पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जनपद कासगंज थाना सहावर के ग्राम हीरापुर निवासी किरन ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी शादी ग्राम रामनगर (खुबरियापुर) निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद पति व अन्य ससुरालीजन दहेज में चार लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वह छह माह की गर्भवती है। यह लोग बच्चे को मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि ससुरालीजन तेज आवाज में डीजे बजाकर मारपीट करते हैं। उसे मारकर पति की दूसरी शादी कराना चाहते हैं। पीड़िता ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसपी ने निगम मंडी में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा
- चारों तरफ बैरीकेडिंग, कंटीले तारों की बाड़ लगाने के निर्देश

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों का स्ट्रांग रूम निगम मंडी में बनाया जाएगा। इनकी सुरक्षा को त्रिस्तरीय घेरा बनाया जाएगा और सीसीटीवी कैमरों से उनकी निगरानी की जाएगी। इसके अलावा पुलिस, पीएसी व पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात रहेगी। रविवार को निगम मंडी में प्रस्तावित स्ट्रांग रूमों का एसपी ने निरीक्षण किया और चारों तरफ बेरीकेडिंग व कंटीले तारों की फेंसिंग कराने के निर्देश दिए।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह व सीओ सिटी कमलेश कुमार ने निगम मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में बनने वाले छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूमों को देखा और उनकी सुरक्षा के बारे में विचार विमर्श किया। एसपी ने बताया कि स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बेरीकेडिंग होगी। इसके बाद कंटीले तारों की फेंसिंग कराई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तीनों स्ट्रांग रूमों के बाहर पुलिस के अलावा पीएसी तथा अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। जो 24 घंटे निगरानी करेंगे। राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के रुकने के लिए भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ ही मंडी परिसर में पेयजल, शौचालय, बिजली व अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी जल्द से जल्द पूरा कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

निगम मंडी का निरीक्षण करते एसपी अमित आनंद व एएसपी डॉ. संसार सिंह।

16 हजार विद्यार्थियों को भेजी गई छात्रवृत्ति

कन्नौज। समाज कल्याण विभाग ने जिले के करीब 16 हजार छात्र-छात्राओं को नौ करोड़ 47 लाख रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति भेजी है। वर्ष 2023-24 के लिए यह लाभ अनुसूचित व सामान्य वर्ग को दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक कक्षाओं में सामान्य वर्ग के 4984 आवेदकों को 558.65 लाख रुपये वजीफा का बैंक या डाकघर में खुले खातों में भेजा गया है। इसी तरह प्री-मैट्रिक के 1130 छात्र-छात्राओं को 33.90 लाख रुपये का लाभ मिला है। दोनों कक्षाओं में कुल 6114 विद्यार्थियों को 592.55 लाख रुपये वजीफा का भेजा गया है। अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक कक्षाओं में पढ़ने वाले 7010 छात्र-छात्राओं को 313.61 लाख रुपये दिए गए हैं। प्री मैट्रिक के 2909 विद्यार्थियों को 40.73 लाख रुपये वजीफा के खातों में भेजे गए हैं।

ट्रेनिंग से पहले ही कार्मिक खुद को बता रहे 'बीमार'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तरह-तरह की बीमारियां व समस्याएं बताकर ड्यूटी कटाने की लगा रहे जुगत

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का प्रशिक्षण 18 अप्रैल से शुरू हो रहा है, लेकिन इससे पहले ही कई मतदान कार्मिक खुद को 'बीमार' बताने लगे हैं। कई समस्याएं बताकर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मनुहार कर रहे हैं। इसके अलावा कई कर्मी तो ऐसे हैं जो नेताओं व अधिकारियों से भी 'सिफारिश' करा रहे हैं।

पहला रेंडमाइजेशन होने के बाद मतदान कार्मिकों की लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की ड्यूटियां विकास भवन से संबंधित सभी विभागों के लिए जारी हो गईं थीं। विभागों ने कर्मचारियों को ड्यूटी आदेश मुहैया कराए। चुनाव की तैयारी का पहला प्रशिक्षण 18 से 21 अप्रैल तक चलेगा।

अभी से ही तमाम कार्मिक विकास भवन की दौड़ लगा रहे हैं। कुछ कलेक्ट्रेट व तहसील पहुंचकर ड्यूटी काटने की बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि सरकारी नौकरी करने वाले ज्यादातर लोग यूं तो स्वस्थ ही रहते हैं, लेकिन चुनाव ड्यूटी पाकर बीमार हो गए हैं। ऐसे ज्यादातर कर्मियों की मंशा ड्यूटी न करने की है।

दूसरी ओर जो बीमार नहीं हो रहे हैं, वह परिजनों के बीमार होने समेत कई अन्य तरह की समस्याएं बता रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव ड्यूटी का तो अलग से रुपया भी मिलता है। पीठासीन अधिकारी समेत मतदान अधिकारी प्रथम से तृतीय तक का रेट भी अलग-अलग निर्धारित है।

सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर में प्रसाद वितरित करते मंत्री असीम अरुण।

मंत्री ने माता फूलमती मंदिर में किए दर्शन

कन्नौज। शहर के सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मातारानी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह महाआरती में शामिल हुए और भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। मंदिर के पुजारी पं. शिखर मिश्रा ने बताया कि मातारानी का ताजे फूलों से प्रतिदिन मनमोहक श्रृंगार किया जाता है और 56 प्रकार के व्यंजनों व फलों का भोग लगाया जाता है।

पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचे चार डकैत, एक फरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोल्ड स्टोरेज मालिक के घर डकैती डालने की योजना बना रहे थे बदमाश
- यासीनपुर शराब ठेके से लूटा गया डीवीआर, मोबाइल फोन और रुपये बरामद

अमृत विचार। इलाके में डकैती व लूट की संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले चार डकैतों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। चारों एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक के घर डकैती की योजना बना रहे थे। डकैतों के पास से तीन तमंचे व कारतूस के अलावा यासीनपुर शराब ठेके से लूट का माल बरामद हुआ है। एक डकैत पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

रविवार को सदर कोतवाली में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र कलियान सिंह ने 9 अप्रैल को पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह मानीमऊ चौकी प्रभारी अमित पोरवाल, उपनिरीक्षक संजीव कुमार व कलां चौकी प्रभारी अजब सिंह ने सुनसान जगह पर डकैती की योजना बना रहे शहर के मोहल्ला शेखपुरा निवासी अजय पुत्र महेश, जनपद उन्नाव के बेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम नंगाखेड़ा निवासी अमित पुत्र रामेश्वर, जनपद कानपुर नगर के थाना अरौल क्षेत्र के ग्राम बकोठी निवासी मोहित पुत्र सुरेंद्र कटियार तथा शहर के मोहल्ला हम्मालीपुरा निवासी इस्लाम पुत्र अब्दुल सलाम को घेराबंदी कर बाग से दबोच लिया। इनके पास से तीन तमंचे, सात कारतूस, एक डीवीआर, दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड व 2400 रुपये की नकदी बरामद हुई है। इनका एक साथी राघवेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र महावीर निवासी ग्राम जरारी थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पांचों के खिलाफ आसपास जिलों में मामले दर्ज हैं।

सदर कोतवाली में पुलिस हिरासत में बैठे बदमाश।

चार दिन पहले यासीनपुर शराब ठेके में की थी लूट

सीओ सिटी ने बताया कि इन पांचों डकैतों ने चार दिन पहले यासीनपुर स्थित शराब ठेके में सेल्समैन को बंधक बनाकर लूट की थी। डकैतों ने सात हजार रुपये व आधार कार्ड लूट लिया था, जिसमें सभी डकैतों के हिस्से में 1400-1400 रुपये पड़े थे। इन लोगों ने रुपये खर्च कर लिए, केवल 2400 रुपये जेब में मिले हैं। ठेके से लूटा गया डीवीआर भी बरामद हुआ है।

फरार डकैतों की तलाश में जुटीं पुलिस की दो टीमें

पुलिस हिरासत में डकैतों ने बताया कि वह बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। मानीमऊ क्षेत्र के जीटीरोड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक के घर रात में डकैती की योजना बना रहे थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी डकैतों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सीओ ने बताया कि डकैत की तलाश में दो टीमों का गठन किया गया है।

धर्म-अध्यात्म

सूलनपुर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य घनश्याम पांडेय ने किया गोपियों के प्रेम का वर्णन

मनुष्य को अपने आराध्य पर रखनी चाहिए पूर्ण निष्ठा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। आज के युग में धर्मात्मा दिखना तो सब चाहते हैं लेकिन कोई भी मनुष्य धर्मात्मा बनना नहीं चाहता। यदि मनुष्य धर्म का सम्मान करेगा। तो आने वाली पीढ़ी धर्म से युक्त होकर हमारा सम्मान करेगी। मनुष्य को तो गोपियों की तरह होना चाहिए। जिन्होंने कभी भी कृष्ण भगवान से कुछ नहीं मांगा इसलिए उन्हें भगवान मिल गए।

यह व्याख्यान रविवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य घनश्याम पांडेय ने दिया। आचार्य ने गोपियों के श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को संसार की दृष्टि में नहीं बल्कि भगवान की दृष्टि में रहना चहिए। इससे मनुष्य का कल्याण होगा। हर मनुष्य को एकादशी का व्रत करना चाहिए। जो अतिथि हमारे घर से खाली हाथ जाता है वह अपने साथ मनुष्य के घर के सारे पुण्य ले जाता है। हमेशा अपने अतिथि की सेवा पूरी निष्ठा से करनी चाहिए। इस दौरान परीक्षित सूबेदार, सत्य मनोहर सिंह, चंद्र मनोहर सिंह, कृष्ण मनोहर सिंह, संत हरि सिंह, राकेश चैहान, अभय सिंह, शर्मीला सिंह, परी सिंह आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा की अमृतवर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

प्रेम और भाईचारे को स्थापित कर रहा निरंकारी मिशन

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें नवोदय विद्यालय से आई बहन सिमरन शर्मा ने कहा कि निरंकारी तप और त्याग का मिशन है।

यहां गुरु, पीर, पैगंबरों ने इस जनमानस के कल्याण के लिए अनेकों बलिदान किए हैं। इसमें बाबा गुरु वचन सिंह ने मानवता की खातिर अपने प्राणों का ही बलिदान दे दिया। उनका कहना था कि प्रत्येक व्यक्ति इस निरंकार, इस सत्य परमात्मा को जान पाए। 24 अप्रैल 1980 को बाबा गुरुवचन सिंह और संत चाचा प्रताप सिंह को गोली लगी और प्राणों की आहुति दे दी। इस प्रकार निरंकारी मिशन तप और त्याग का मिशन है। जो पूरे विश्व में जन जन को सत्य के साथ जोड़ कर प्रेम, भाईचारे की भावना को स्थापित कर रहा है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, अशोक, शिवा, सचिन, नितिन, हरिकिशन, जोगराज, वीरभान, ईश्वर दयाल, चंद्रप्रकाश, महेश, देवेंद्र, विश्राम सागर, रूबी, दिशा, मुन्नी, सुनीता, जया, रजनी, आरती, बबली, मिथलेश आदि सत्संगी उपस्थित रहे।

मां कात्यायनी की पूजा, मांगीं मनौतियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना की गई। शहर के ऐतिहासिक मंदिरों में भक्तों ने माता के दर्शन किए। देवी मंदिरों में शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

रविवार को भक्तों ने माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की। आचार्य वीरचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी की पूजा होती है। महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार मां कात्यायनी का उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म हुआ था। महर्षि ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी, इसलिए कात्यायनी देवी के नाम से प्रसिद्ध हुईं।

छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार, शक्तिपीठ मां कालिकादेवी मंदिर में भक्तों ने मां के छठे स्वरूप की अराधना की। महिलाओं ने समूह में अगियारी लगाकर अपने बच्चों और परिजनों की दीर्घायु एवं सुख शांति की कामना की। नगर में स्थापित दुर्गा महोत्सव मंडपों में भक्तों ने सुबह हवन में आहुतियां देकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरसहायगंज संवाददाता के अनुसार, रविवार की देर शाम नगर के पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर में विशाल दुर्गा महोत्सव में भक्तों ने भव्य आरती का आयोजन किया। इसमें सांसद सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, संतोष चतुर्वेदी, जीतू तिवारी, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, अभिषेक पांडे, मानव गुप्ता, सुमित सक्सेना, रामावतार चौरसिया, राजीव चैहान, सुगम दुबे, रविंद्र सक्सेना, गोविंद तिवारी, उमाकांत सैनी आदि ने आरती वंदना की। महिलाओं ने देवी गीत गाए।

कालिका देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

- नवरात्र के छठे दिन देवी मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

आंबेडकर जयंती पर गूंजा 'जय भीम-जय भारत'

सरकारी व गैर सरकारी संगठनों ने धूमधाम से मनाई जयंती, निकाली शोभायात्रा, आंबेडकर प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण

शहर में आंबेडकर प्रतिमा पर माला पहनाते सपा प्रवक्ता आकाश शाक्य, साथ में पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य। अमृत विचार

सरायप्रयाग में आंबेडकर की प्रतिमा के चरण स्पर्श करते सांसद सुब्रत पाठक।

सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में डॉ. आंबेडकर जयंती मनाते शिक्षिकाएं व छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई। सरकारी दफ्तरों में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तो गैर सरकारी संगठनों ने शोभायात्रा निकाली। विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को जानकारी दी गई और फल वितरण भी किया गया। आंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों में राजनीतिक दलों के लोगों ने भी प्रतिभाग किया।

रविवार को बाबा साहेब की जयंती पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने काजीटोला व नसरापुर में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम ने गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका, अनन्या व नाजिस तथा केके इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य व समीर को उत्कृष्ट भाषण के लिए पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी सरकारी दफ्तरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने भी कार्यालय में जयंती मनाई। उन्होंने बताया कि जिलेभर के कई माध्यमिक विद्यालयों में आयोजन हुए। शिक्षक बृजेंद्र कमल व रेनू कमल ने भी नसरापुर में आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

शोभायात्रा निकालते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को फल वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

सौरिख में बैंडबाजों के साथ निकली शोभायात्रा

सौरिख, कन्नौज। आंबेडकर जयंती पर नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। अध्यक्ष हिमांशु दिवाकर के नेतृत्व में आंबेडकर तिराहे पर फूल माला पहनाकर केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। बहादुरपुर में भी झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के साथ नादेमऊ चौराहा, कुम्हर मंडी, संजय नगर, ऋषि भूमि चौराहा, सकरावा तिराहा से शोभा यात्रा निकलते हुए चौराहे पर आकर समापन हुआ। इस मौके पर रामपाल मौर्य, प्रमोद दिवाकर, उमेश, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, राधा कृष्ण, श्री कृष्ण, विनोद शुक्ला, राजन सैनी, मंजेश पाल, अमित आर्य, भगवानदास शंखवार, मुकेश गुप्ता, प्रमोद दिवाकर, राजेश सागर, संजीव कुमार, अनिल सागर, नवाब सिंह, रामकृपाल भारतीय, धर्मवीर अरुण, विनय कुमार, कुलदीप कुमार, दीपक कुमार, यशवंत सिंह, सुनील कुमार, जितेंद्र सिंह, केपी सिंह मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क पर माल्यार्पण करने के बाद मौजूद पूर्व विधायक अरविंद यादव।

शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मोह लिया लोगों का मन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। रविवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित आंबेडकर पार्क, ग्राम मझपुर्वा, सराय प्रयाग में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर जन्म दिवस मनाया गया। इसके पश्चात मुरादगंज से नगर के विभिन्न मार्गो पर डा. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें डा. भीमराव आंबेडकर, महात्मा बुद्ध, छत्रपति शाहू जी महाराज, संत गाडगे सहित बौद्ध भिक्षुओं की सुसज्जित झांकियां निकाली गई। ग्राम खाड़ेदेवर, सराय प्रयाग, सराय दौलत, मझपुर्वा, जुनैदपुर, जलालाबाद से आई शोभायात्रा को मुरादगंज से जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली होते हुए नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, धर्मेन्द्र कौशल, संजीव गुप्ता संजू, सुगम दुबे, अमन कठेरिया, सूरज, श्रवण कुमार, डॉ. एमके भारती, रामनरेश, डॉ. दिनेश, अशोक कुमार, अरूण कुमार, चन्द्रभान, रमन, अनंत राज, मानव, प्रकृति, मधु भारती, महेंद्र सिंह, रामविलास उपस्थित रहे। सराय प्रयाग में संयोजक रामनिवास को डॉ. एमके भारती ने संविधान की पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कलमेश कुमार, कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, विनय शर्मा मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने किया आंबेडकर को नमन

तालग्राम, कन्नौज। रविवार को ग्राम रोहली में सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। इस दौरान मनमोहन सिंह, दीपू यादव, प्रभाकर यादव, डॉ. जैनेंद्र प्रताप सिंह, सर्वेश कुमार, त्रिमोहन, रतन जाटव, राम रतन जाटव, रमन यादव, अंकुर सिंह मौजूद रहे।

निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। शुक्रवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। बाबा साहब की शोभायात्रा नगर में घूमी। यात्रा के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। ब्लाक मुख्यालय से शुरू हुई शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। ग्राम बड़ेपुर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ टिंकल, महासचिव तीर्थराज बौद्ध, पूर्व प्रधान शम्भूदयाल शाक्य, विपिन द्विवेदी, अनिल कुमार, प्रभात गौतम, बीरू खरे, अनोज कुमार, धर्मवीर सिंह, राजेश दिवाकर, श्रीनिवास शाक्य, अवनेश जाटव, विजय कुमार आजाद मौजूद रहे।

आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

छिबरामऊ। कस्बा विशुनगढ़ में बैंड बाजों के साथ डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। किला नगरिया पार्क से शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्ग तिराहा तक गई, जहां लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान नेम कुमार, पुच्चू, राजवीर गौतम, विजय गौतम, मनीष काके, राजू भारती, अरविन्द कुमार, अनीश गौतम, अभिषेक गौतम, सुधीर मौर्या, राधेश्याम फौजी, दीपू बाल्मीक, अखिलेश कबीर मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए फल

- भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में आंबेडकर जयंती पर छात्र-छात्राओं को फल वितरित किए गए। इस दौरान दिव्य दीपक दीक्षित, राजीव कुमार, मिथिलेश कुमार, अंजना भारती, अंजना बाजपेयी, योगेंद्र प्रकाश शुक्ला, अर्जुन सिंह, राहुल दुबे, प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने बच्चों को बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में बताया।

सांसद ने किया बाबा साहेब को याद

तेराजाकेट। रविवार को तालग्राम रोड पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद सुब्रत पाठक, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, दिनेश सिंह यादव, राजीव कुमार, शिवम, छत्रपाल जाटव, मोहित, बबलू, जितेंद्र मोदी, टीकाराम, बीरेन्द्र कुमार, दीपचंद्र, देवेंद्र कुमार, प्रांशु, योगेश कुमार आदि ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। सांसद ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर याद किया।

शोभायात्रा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता। अमृत विचार

जय भीम के नारों के गुंजायमान हुआ नगर

तिर्वा, कन्नौज। आंबेडकर जयंती पर तहसील में एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। राजकीय मेडिकल कालेज में प्राचार्य सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, ब्लाक में ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, बीडीओ दयाराम, नगर पंचायत में ईओ देवांशी दीक्षित, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। आंबेडकर सेवा समिति द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का गांधी चौराहा पर पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, विधायक कैलाश राजपूत, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, रेहान वारसी, प्रभात वर्मा, नबाब सिंह यादव ने स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष हरगोविंद, दीपचंद, पंकज कुमार, अजय कुमार, जकी, आदेश कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

भीमराव आंबेडकर सेवा समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। अमृत विचार

परिवार सोता रहा, चोर ले गए मोबाइल-नकदी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला हनुमान गढ़ी निवासी रवि यादव पुत्र विजयपाल सिंह मोहल्ले में बच्चों को कोचिंग पढ़ाते हैं। शनिवार की रात वह परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। रात किसी समय चोर उनके घर में घुस गया। चोर ने कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा चोर मोबाइल फोन भी चुरा ले गया। सुबह शौच के लिए जब रवि उठे तो उनका मोबाइल गायब था। मोबाइल तलाश करते हुए जब वह कमरे में गए तो सेफ का दरवाजा टूटा देख होश उड़ गए।

उन्होंने बताया, चोर सेफ में रखे 38 हजार रुपये व दो मोबाइल फोन चुरा ले गया। रवि ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

चोरी के बाद टूटी अलमारी दिखाता गृहस्वामी। अमृत विचार

पिता ने सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई

गुरसहायगंज। कानपुर नगर के थाना अरौल ग्राम पुराना बरांडा निवासी राकेश चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 11 अप्रैल को उसका पुत्र विशाल अपने दोस्त कुलदीप के साथ बाइक से फतेहगढ़ जा रहा था, तभी ग्राम रामाश्रम के निकट तेज गति से आ रहे वाहन ने उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उसका पुत्र विशाल व दोस्त कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल ले जाते समय विशाल की मौत हो गई जबकि कुलदीप को घायल अवस्था में कानपुर रेफर कर दिया गया था।

ठेकों में छापेमारी

तिर्वा। बंदी के दिन शराब की बिक्री को देखने निकली आबकारी टीम ने ठेकों का निरीक्षण किया। बाबा साहेब की जयंती पर शराब की बिक्री प्रशासन की तरफ से प्रतिबंधित थी। कोई शराब ठेकेदार चोरी छिपे शराब की बिक्री तो नहीं कर रहा, इसका निरीक्षण के लिए निकले आबकारी अधिकारी स्वप्निल रावत ने क्षेत्र के देशी व विदेशी शराब ठेकों का निरीक्षण किया।

जयंती पर नेताओं में दिखा 'वोट के लिए कुछ भी करेगा' का भाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रमों में शामिल हुए हर दल के लोग
- चुनावी बेला में खुद को बड़ा अनुयायी दिखाने की होड़

अमृत विचार। चुनावी बेला में भले ही अभी सारे खिलाड़ी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन इतना तो जरूर है कि सर्वधर्म के साथ ही सर्वदल समभाव उमड़ता दिखाई दे रहा है। इसका ताजा उदाहरण आंबेडकर जयंती पर देखने को मिला जब कार्यक्रमों में न सिर्फ सर्व धर्म बल्कि हर दल के लोगों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नेताओं में तो 'वोट के लिए कुछ भी करेगा' का भाव दिखाई दिया।

याद दिला दें कि बहुजन समाज पार्टी शुरू से ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर राजनीति करती आई है। दलित वोट बैंक को साधने के लिए संविधान समिति शामिल रहे डॉ. आंबेडकर को फ्रंट पर रखती रही। इधर, भाजपा सत्ता में आई तो डॉ. आंबेडकर को और अधिक महत्व दिया तो समाजवादी पार्टी भी पीछे नहीं रही। अब चाहे आंबेडकर जयंती-पुण्यतिथि हो या फिर वाल्मीकि जयंती या लौहपुरुष की जयंती कोई भी दल अपना

लगाव दिखाने में पीछे नहीं रहना चाहता। गत वर्ष से ही विभिन्न वर्गों से आने वाले समाज के इन नायकों से जुड़े सभी आयोजनों में धर्म और दलीय बाध्यताएं टूटती दिखाई दीं। इसका कारण यह नहीं कि सभी में इनके प्रति प्रेम व अपनापन उमड़ पड़ा है बल्कि इनकी आड़ में भोलेभाले मतदाताओं का कीमती मत है। कभी केवल बसपा का पर्याय माने जाने वाले डॉ. आंबेडकर भी दलीय स्थिति से ऊपर उठ चुके हैं। इसीलिए शहर ही नहीं जिले और प्रदेश स्तर तक हुए कार्यक्रमों-शोभायात्राओं में सभी धर्म के साथ ही दलों के लोग भी शामिल हुए तो स्वागत-सत्कार भी किया। खुद को डॉ. आंबेडकर और उनके सहारे दलितों (वोट बैंक) का शुभचिंतक दिखाने की होड़ रही। चुनावी बेला है तो वोटों का जातीय गणित साधने के लिए हर दल के लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। यूं तो दलितों को बसपा का ही वोटर माना जाता है लेकिन येन केन प्रकारेण भाजपा इस बैंक में सेंध लगाने की कोशिश पूरी तरह से कर रही है। कारण, यह वर्ग हिंदू ही है तो कहीं न कहीं राम मंदिर का फार्मूला काम कर सकता है। कार्यक्रमों में सांसद भी नीला पटका डाले नजर आए। इसी तरह समाजवादी पार्टी भी पारंपरिक सोच से ऊपर उठकर अपने को उनका शुभचिंतक दर्शा रही है। इसीलिए समाजवादियों ने भी जगह-जगह कार्यक्रमों में आंबेडकर के चित्र- प्रतिमा पर माला चढ़ाई तो शोभायात्राओं का स्वागत भी किया। जाति, धर्म और न दल,चुनावी मौसम में बस नेताओं का सगा 'वोट' है।

तय रुपये न मिलने पर मारपीट, टूट गई शादी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- पुलिस ने तीन लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई
- दोनों पक्षों के बीच हुआ विवाद, लौट गई बारात

अमृत विचार। शादी में तय रुपये न मिलने पर वर पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। मामले में पंचायत भी हुई, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। मारपीट के बाद हुए हंगामे के बाद युवती पक्ष के लोग घर लौट गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर निवासी श्रीनिवास पुत्र सूरजभान की पुत्री की शादी छिबरामऊ के मोहल्ला कोलियान निवासी हरीराम के बेटे से तय हुई थी। शनिवार को विशुनगढ़ रोड स्थित गेस्ट हाउस में शादी का कार्यक्रम था।

दोनों पक्ष पूरी तैयारी के साथ पहुंच गए। इस दौरान पंडित की दक्षिणा को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद वर पक्ष ने शादी में तय रुपये की मांग कर दी। पूरे रुपये न मिलने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। लोगों ने बीच बचाव कर कई बार समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आयी।

कुछ देर बाद पुलिस ने वधू पक्ष को छोड़ दिया। श्रीनिवास ने बताया कि शनिवार को बैंक की छुट्टी होने से रुपये नहीं निकल पाये थे। उन्होंने बैंक खुलने पर बाकी के रुपये देने की बात कही थी। इसीको लेकर वर पक्ष के लोग भड़क गए थे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर व वधू पक्ष के बीच लड़ाई की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों को कोतवाली लाकर समझाने का प्रयास किया। वधू पक्ष के शादी से इंकार करने पर वर पक्ष के तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया।

छलका दर्द | कोई भी दल हो, सभी के पास जाति-बिरादरी की ही बातें, जनसमस्याओं से किसी को सरोकार नहीं

दर्द दे रहीं शहर की सड़कें, पर नहीं बनीं चुनावी मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चुनाव में एक-दूसरे से निपटने और निपटाने को लेकर वाक् युद्ध चरम पर
- पांच साल इंतजार करने के बाद भी जनता की अदालत से स्थानीय मुद्दे बिल्कुल गायब

अमृत विचार। शहर में कई सड़कें ऐसी हैं जिन्हें देखकर लगता ही नहीं कि यह आम रास्ता है। ऐसी ही सड़कें हैं फूलमती देवी मंदिर से लाखन तिराहा तक जाने वाली, लाखन तिराहा से तलैया चौकी होते हुए छिपट्टी, छोटा चौराहा से सेठजी के मकान तक जाने वाली। अनगिनत गड्ढे सालों से दर्द दे रहे हैं लेकिन फिर भी ये चुनावी मुद्दा नहीं हैं। कोई भी दल हो, बस जाति बिरादरी का हिसाब लगा रहा है। एक दूसरे से निपटने और निपटाने को लेकर वाक् युद्ध चरम पर है लेकिन इस सबके बीच वोटर यानी जनता से किसी को लेना देना नहीं है।

लोकसभा क्षेत्र में कन्नौज शहर की कई सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं

फूलमती देवी मंदिर से लाखन तिराहा तक गड्ढायुक्त सड़क। अमृत विचार

जिससे इनसे गुजरने वाले दोपहिया वाहन सवार के अलावा ऑटो-ई रिक्शा सवारों का भी बुरा हाल होता है। बात लाखन तिराहा को जाने वाली करीब चार सौ मीटर सड़क की करें तो इतनी कम दूरी में ही अनगिनत गड्ढे हैं। सड़क से डामर लगभग गायब हो चुका है। इस सड़क को लेकर पूर्व में नगर पालिका तथा पीडब्ल्यूडी विभाग में खींचतान चलती रही थी। इस कारण इसको बनाने के बजाय गड्ढों को अस्थायी तौर पर भर दिया गया जो बरसात होते ही वापस पूर्व रूप में आ गए। तबसे हिचकोले, धक्के, झटके लोगों की नियति बने हैं। हालांकि पिछले महीने हुई पालिका बोर्ड की बैठक में इस सड़क के मंजूर और टेंडर होने की बात कही गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में लेशमात्र प्रगति नजर नहीं आई है। ऐसा ही हाल अन्य सड़कों का भी है। इनके बारे में बताया गया था कि बनेंगी। यह पहली बार नहीं है जब इन सड़कों के बनने की बात कही गई है। पहले भी इस तरह की बातें सामने आईं लेकिन अभी तक मामला टस से मस नहीं हुआ है। मजेदार बात यह है कि शहर के रहने वाले जनप्रतिनिधि को भी सड़कों दुर्दशा दिखाई नहीं देती। तभी तो अपने चुनावी भाषण में स्थानीय मुद्दों की जगह मोदी-योगी के काम ही गिनाते नजर आते हैं। वहीं विपक्ष के नेताओं को भी जनता से कुछ खास सरोकार नहीं है। वे भी मंच पर अपने पूर्व के कार्यकाल के काम गिनाने के साथ ही सत्ता पक्ष पर शब्द बाण चलाने की होड़ करते नजर आते हैं। सभी का लक्ष्य केवल बिरादरी के वोटों को साधना भर ही है तभी तो किसी भी सार्वजनिक मंच से ऐसी बात सामने नहीं आती कि उन्हें चुना तो जनता को यह फायदा होगा। बहरहाल पांच साल के इंतजार के बाद जनता की अदालत सज चुकी है, स्थानीय मुद्दे गायब हैं। नेता मान मनौव्वल में जुटे हैं। यह तो आने वाली समय ही बताएगा कि जनता दर्द देती सड़कों का ही साथ पकड़ेगी या फिर कुछ और फैसला सुनाएगी।

कुछ तो रहम करो...

अंग्रेजियत सिर चढ़ी तो देश भर में पब्लिक स्कूलों का जाल फैल गया। जनपद में भी कुछ ऐसा ही हाल है। किताबों, बस्तों, यूनिफार्म से लेकर कॉपियां तक प्रबंधन के दबाव में स्कूलों से ही खरीदनी पड़ती हैं। बस्ते का बोझ इतना कि एक पूरा आदमी भी न उठा सके। यह दृश्य काफी कुछ कह रहा है कि बच्चे का बस्ता अब ट्राली बैग है तो कंधे से उतरकर पहियों के सहारे ले जाया जा रहा है। यह वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर सवाल उठाने को काफी है।

● अमृत विचार

एक नजर

बच्चे को जहरीले कीड़े ने काटा लोहिया अस्पताल रेफर

कायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज के गांव मिलकिया निवासी सुबोध के 7 वर्षीय पुत्र सुरायन्स को खेलते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। इस पर वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिवार को दी। परिजनों ने आनन- फानन में बच्चे को उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

शीतला देवी मंदिर में हुआ भंडारा, उमड़ी भीड़

फर्रुखाबाद। श्री शीतला देवी मंदिर बढ़पुर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद चखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भंडारे में आते-जाते राहगीरों ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद खाया। भंडारे की व्यवस्था में लगे लोगों ने राहगीरों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरण किया। मंदिर के व्यवस्थापक सचिन कटियार, उपाध्यक्ष अमन कटियार कोषाध्याय अंकुर कटियार, शिवम श्रीवास्तव, आशीष यादव, सिद्धार्थ चौरसिया, विवेक रावत, सचिन तोमर, अमित त्रिपाठी, अवनीश शाक्य, मनीष दीक्षित, श्याम चंदेल, आनंद मोहन, मोहन, सोनू मिश्रा, विपिन पांडेय, ओम नारायण, आकाश राठौर, विजय चंदेल व अमित कटियार आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

शोभायात्रा में उत्साह के साथ नारे लगाते युवा। अमृत विचार

चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम वीके सिंह।

तिरंगा लेकर शोभायात्रा निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

डॉ. आंबेडकर के जीवन दर्शन को करें आत्मसात

जिले में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती ❍ डीएम ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- भीमराव आंबेडकर जयंती समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई

अमृत विचार। संविधान के रचियता बाबा साहब भीमराव आंबेडर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में कार्यक्रम हुआ। जिलाधिकारी ने आंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण किया व पुष्पांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी को जयंती की बधाई दी। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ भीम राव आंबेडकर को सभी क्षेत्रों में महारत हासिल थी। उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को उतारने की जरूरत है। हमें जो जिम्मेदारी मिले उसका निर्वहन करना चाहिये। संविधान के तहत दिये गए अधिकार व कर्तव्यों को समझने की जरूरत है। हमें अपने शासकीय व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ,प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह व कलेक्ट्रट के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

आंबेडकर जयंती पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

बाबा साहेब की जयंती पर फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जेएनवी रोड तिराहे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा हुई। भीमराव आंबेडकर जयंती समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।अंबेडकर के अनुयायियों ने जेएनवी रोड से शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा कचहरी तिराहा होते हुए चाँदपुर तक जाएगी। भीम राव अंबेडकर मानवाधिकार आंदोल, संविधान निर्माता के लिए जाने जाते हैं। 14 अप्रैल को भीम राव अंबेडकर को सम्मान व्यक्त करने के लिए जन्मदिवस मनाया जाता है। शोभा यात्रा में भारी भीड़ देखने को मिल रही है।एस एस पब्लिक स्कूल नारायणपुरमें भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन बड़ी धूम धाम से केक काटकर एवम् शोभायात्रा निकाल कर मनाया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुरेश चंद्र अवस्थी एवं प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के सम्मुख केक काटा और शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। कमेटी की मैनेजर अनुपम अवस्थी एवम् डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। शोभा यात्रा एस एस पब्लिक स्कूल नारायणपुर फर्रुखाबाद से प्रारंभ होकर बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की मूर्ति (नगला खन्नी) तक पहुंची जहां पर सभी ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात शोभा यात्रा बगीचा स्थित संत रविदास के आश्रम में माल्यार्पण करती हुई विद्यालय वापस आई। शोभा यात्रा में सामिल बच्चों ने उत्साह पूर्वक नारे भी लगाए। विद्यालय में बच्चों को केक एवम् मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रिया सक्सेना, आयुषी राठौर , बीनू सिंह, विप्लव दुबे तथा सोनू सिंह आदि ने व्यवस्था संभाली। कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के ग्राम चिलौली से सँविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। बाबा साहेब की जयंती पर कायमगंज में संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर ग्राम चिलौली दुर्गा टॉकीज के पास बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई गल्ला मंडी पर शोभायात्रा संपन्न हुई।

- शोभायात्रा निकली, स्कूलों में केक काटकर मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

धम्म यात्रा में उमड़ी भीड़

फर्रुखाबाद। आंबेडकर जयंती समारोह समिति फतेहगढ़ की ओर से रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर फतेहगढ़ से धम्म यात्रा निकाली गई। धम्म यात्रा मुख्यमार्गों से होती हुई लकूला स्थित प्रताप नरायन के आवास पर पहुंची, जहां समापन हो गया। इस दौरान यात्रा का कई जगह स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. अरविंद गुप्ता, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, सुशील कुमार, छोटू, प्रवीन, भंते एस. नंदा, विजय कनौजिया, भगवान दास, पवन कुमार, अतेंद्र सिंह, डॉ. महेशचंद्रा, विनोद गौतम, सुनील कुमार और पहलवान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत, मुनीम उठा ले गया शव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में ईंट भट्टे पर पथाई कर रहे बिहारी मजदूर की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। आरोप है कि भट्टा मालिक के गुर्गों ने उसके शव को लापता कर दिया। मजदूर के बच्चे व पत्नी परेशान हैं। हालांकि की आरपीएफ इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

रामदेव (50) पुत्र स्व. नंदलाल निवासी ग्राम मधवन थाना नर्जीगंज जिला नवादा बिहार पत्नी धानू देवी बच्चे जितेंद्र, धर्मेंद्र, गोलू, जीतू, सूरज, राखी, चांदनी, ताजो, मेंहदी के साथ रह कर एमआर भट्टा फतेहगढ़ चंदू बाबू के यहां ईंट पथाई करता था। रविवार सुबह पत्नी के साथ छठ पूजा के लिए बाजार से राशन खरीद कर करीब 9 बजे वापस आ रहा था। मेहरूपुर के पास पत्नी ने रेलवे क्रासिंग क्रास कर ली थी। रामदेव कर रहा था, इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। साथ के अन्य लोगों ने सूचना मुनीम अशोक, हुकुम, नीलेश को दी। मुनीम अशोक शव को उठा लाए। पत्नी ने बताया कि मुनीम ने कहा कि रुपये पड़ जायेंगे इस लिए तुरंत अन्तिम संस्कार कर दिया जाए। पत्नी व अन्य लोगों ने विरोध किया पर मुनीम जबरन साथियों के साथ शव लेकर चला गया। सूचना पर आरपीएफ दरोगा महिपाल सिंह, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने घटना की जांच कर पत्नी से मुलाकात की। मुनीम व भट्टा मालिक के नंबरों पर कॉल की लेकिन रिसीव नहीं हुई।

पूछताछ करते इंस्पेक्टर महिपाल सिंह। अमृत विचार

- भट्टा मालिक पर शव गायब करवाने का आरोप
- आरपीएफ इंस्पेक्टर ने दर्ज किए पत्नी के बयान

दबंगों की पिटाई से क्षुब्ध दुकानदार ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। दबंगों की पिटाई से क्षुब्ध ठेला दुकानदार ने फांसी लगाकर जान दे दी। थाना मऊदरवाजा के ग्राम गढ़िया बिलावल निवासी रामशरन के पुत्र राजीव (28) नाला बघार पर गोलगप्पे का ठेला लगाकर गुजारा करता था। वह रात करीब 7.30 बजे ठेला लेकर घर जा रहा था। गांव के ही सुनील शाक्य के पुत्र अमित मल्लू शाक्य आदि ने राजीव से गोलगप्पे खाए। रुपये न देने पर विवाद हो गया। इसी दौरान अमित मल्लू व उसके साथियों ने राजीव की जमकर पिटाई की। परिजनों का कहना है कि पिटाई से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर छोटा भाई अमन राजीव को बचाने गया तो उसकी भी पिटाई की। हमले में राजीव को काफी चोटें लगीं। रात के समय राजीव ने कमरा बंद कर छत के कुंडे में साड़ी बांधकर फांसी पर लटक गया। कमरे का दरवाजा न खुलने व राजीव की आवाज न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। कमरे का दरवाजा तोड़ा गया राजीव को फांसी पर लटका देखकर परिजन भौचक्के रह गए। राजीव को फांसी से उतार कर रात 3 बजे लोहिया अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

तेज धूप से बढ़ने लगे आंखों के मरीज

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ते ही आंखों में दिक्कत के मामले बढ़ने लगे हैं। हवा के साथ उड़ने वाली धूल और छोटे कीड़े परेशानी का सबब बन रहे हैं। सीएचसी में भी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीजों से सावधानी रखने के लिए कहा जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि आंखों पर कुछ चला जाए तो मसलें नहीं।

गर्मी की दस्तक शुरू होते ही सीएचसी में आंख के मरीजों की संख्या में बढोतरी हुई है।यहां रोजाना करीब 100 के पार मरीज उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें से करीब 40 से 50 मरीज ऐसे हैं, जो आंखों के संक्रमण से पीड़ित हैं। तेज धूप से आंखों में लालपन, खुजली, पानी आने की समस्या बढ़ी है। नेत्र परीक्षक डॉक्टर आर के चतुर्वेदी ने बताया कि कई बार बाइक चालक आंखों में छोटे कीड़े चले जाने पर उन्हें मसल देते हैं। ऐसे में कीड़े के जहर का अंश आंखों में ही रह जाता है। जो बड़ी समस्या बना देता है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। यह भी जरूरी है कि आंख में कुछ चले जाने पर उसे मसले नहीं, बल्कि पानी से धोएं। बिना चिकित्सक की सलाह के आंख में कोई भी दवा न डालें।

महिला की आंखों की जांच करते नेत्र सहायक आरके चतुर्वेदी। अमृत विचार

ये सावधानी बरतें

- बाइक चलाते समय चश्मा पहनें।
- आंखों को दिन में दो से तीन बार साफ पानी से धोएं।
- आंख में कुछ जाने पर उसे मसलने के वजह पानी से साफ करें।
- बिना डॉक्टर की सलाह के किसी तरह का उपचार न करें।

जमीन विवाद में महिला से मारपीट, हुई घायल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। विवादित जमीन को लेकर हमलावरों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कादरीगेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर निवासी अनुज कटियार और उनकी पत्नी रानी कटियार राजस्थान में रहते हैं। उनकी जमीन पर परिवार के लोग ही कब्जा किए हैं। रानी कटियार ने कब्जे की शिकायत थाने आकर दी थी। यहां से उसे आईटीआई चौकी भेज दिया गया। रानी कटियार ने चौकी पहुंचकर प्रभारी सुरजीत सिंह को घटना की जानकारी दी। दरोगा ने पुलिस व लेखपाल के पहुंचने के बाद ही मौके पर जाने की बात कही। रानी कटियार चौकी में ही बैठी रहीं। लेखपाल और पुलिस के पहुंचने के बाद दरोगा ने मौके पर जाने की बात कह दी। इसके बाद रानी कटियार जैसे ही मौके पर पहुंची, तो वहां मौजूद दबंगों ने बेल्टों व डंडों, लात-घूंसों से हमला बोल दिया। पुलिस कर्मी और लेखपाल तमाशबीन बने रहे। पीड़िता ने बताया कि मारपीट होते ही लेखपाल तो खिसक गए। पुलिस कर्मी बचाने में नाकाम रहे। महिला के शरीर में काफी चोटें आईं। आसपास के लोगों ने बमुश्किल बीच-बचाव किया। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची। देर रात घायल रानी का लोहिया अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया।

रंजिश को लेकर युवक को घर में घुसकर पीटा

फर्रुखाबाद। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने युवक को मार पीट कर बेदम कर दिया। थाना क्षेत्र केमोहल्ला कटराबक्शी निवासी करुअली के 25 वर्षीय पुत्र आरिफ का मोहल्ले के ही मुकीम, सलीम, से पुराना विवाद चल रहा है। कुछ कहा सुनी के बाद दबंगों ने युवक आरिफ को घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल आरिफ को लिंजीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर आरिफ का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

17 अप्रैल को प्रचार वाहनों की समाप्त हो जाएगी अनुमति

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 18 अप्रैल से उम्मीदवारों का शुरू होगा नामांकन

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अबतक ली गईं 45 वाहनों की अनुमति 17 अप्रैल को स्वतः समाप्त हो जाएगी। 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होने के साथ चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति सीधे जिलाधिकारी से लेनी होगी।

नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव संबंधी कार्यों व प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति देने की जिम्मेदारी उनके पास है। नामांकन शुरू होने से पहले उनके द्वारा दी गई वाहनों की अनुमति 17 अप्रैल तक स्वतः समाप्त हो जाएगी। सभी

दलों से अब तक करीब 45 वाहनों की अनुमति ली गई है। 18 अप्रैल से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों का नामांकन शुरू हो जाएगा। इससे प्रत्याशियों को प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति सीधे जिला निर्वाचन अधिकारी से लेनी होगी।

नामांकन में तीन वाहन ही ला सकेगा उम्मीदवार

- नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने बताया 18 से 25 अप्रैल तक लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन होंगे। कोई भी प्रत्याशी नामांकन के लिए तीन वाहनों का ही प्रयोग कर सकेगा। एक वाहन पर चालक सहित पांच व्यक्ति ही बैठ सकेंगे। यह वाहन बैरियर से 100 मीटर पहले खड़े करने होंगे। तीन से अधिक आने वाले वाहनों को बैरियर से पहले बनाए गए पार्किंग स्थल में खड़ा कराया जाएगा। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी सहित पांच व्यक्तियों को ही एक साथ प्रवेश दिया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नामांकन प्रक्रिया होगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सार-संक्षेप

हाथ धोने पर विवाद, दंपति को पीटने का आरोप

फर्रुखाबाद। शहर कोतवाली क्षेत्र में महिला को हाथ धोना महंगा पड़ गया।दबंगो ने उसके पति को मार पीट कर घायल कर दिया। शहर के मोहल्ला बंगसपुरा कोहना निवासी अनिल शर्मा की पत्नी भारती देवी घर के बाहर लगे सरकारी हैंड पंप पर हाथ धोने के लिए गई हुई थी। तभी मोहल्ले के ही युवक पुष्पेंद्र ने भारती देवी को हाथ धोने से मना कर दिया। भारती देवी के पति अनिल शर्मा ने विरोध किया। तो दबंग युवक पुष्पेंद्र ने भारती देवी व उसके पति अनिल शर्मा को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अनिल शर्मा को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनिल शर्मा का इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि मारपीट के मामले में अनिल शर्मा ने युवक के खिलाफ तहरीर दी थी। अनिल शर्मा के गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल लोहिया में तहरीर के आधार पर इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आगे कार्यवाही जांच के बाद की जाएगी।

खुद को गोली मारकर पड़ोसी को फंसाने का पर्दाफाश

फर्रुखाबाद। रुपयों के लेन देन में युवक को गोली मारकर घायल करने में पुलिस ने घायल और उसके दो साथियों को जेल दिया है। गोली लगने से घायल आकाश कटियार निवासी निनौआ ने थाना कादरीगेट में 10 अप्रैल को बैभव, ऐश्वर्य व एक अज्ञात के विरुद्ध गोली मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब जाँच पड़ताल की तो पता चला आकाश कटियार ने बैभव आदि को फंसाने के लिए खुद के मारी गोली मारी थी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ सजंय सिंह ने बताया कि बैभव के साथी अमर को हिरासत में लेकरपूछताछ की गई। अमर ने बताया कि घायल आकाश का बैभव से विवाद चल रहा था। अकाश ने उसे फंसाने के लिए खुद को गोली मारी थी।आकाश ने अपने गोली मार कर तमंचा अमर को दे दिया था। जिसे उसने झाड़ियों में फेंक दिया था।पुलिस ने घायल आकाश, अमर, मोनू को गोली मार षड्यंत्र रचने में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए जानकारी दी।

प्रथम चरण के चुनाव के लिए 440 होमगार्ड उत्तराखंड रवाना

फर्रुखाबाद। प्रथम चरण के चुनाव के लिए उत्तराखंड ड्यूटी के लिए 440 होम गाड्र्स को एसपी विकास कुमार ने ब्रीफिंग के बाद रवाना किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व होमगार्ड कमांडेंट ने ब्रीफ कर पुलिस लाइन से होमगार्ड को उत्तराखंड के लिए रवाना किया।पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर होमगार्ड को प्रथम चरण के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए ब्रीफ किया। लोकसभा चुनाव में होमगार्डों की चुनाव संपन्न कराने में व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम भूमिका रहेगी। एसपी ने बताया कि यह होम गार्ड उत्तराखंड में चुनाव करा कर बरेली में भी चुनाव करवाएंगे।

गेहूं खरीद केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन कम देख डीएम नाराज

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डा. वीके0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमे उन्होंने गेहूँ खरीद पंजीकरण बढ़ानें के निर्देश दिये। पीसीएफ केंद्रों पर गेहूँ खरीद पंजीकरण बहुत कम होनें से जिलाधिकारी नें कड़ी नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान अधिकारियों के पेंच कसे।उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी| उन्होंने पीसीएफ जिला प्रवन्धक को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 3 दिवस में यदि पीसीएफ के पंजीकरण नही बढ़े तो उनके विरूद्ध शासन को कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा।

युवक ने खाया जहर लोहिया अस्पताल में भर्ती

फर्रुखाबाद। गांव बाजू नगला निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया।हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव बजू नगला निवासी ओम प्रकाश के पुत्र नत्थू ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों ने नत्थू को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवक नत्थू को गंभीर हालत में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

विरोध प्रदर्शन पालतू मवेशियों को खुला छोड़ने से परेशान हैं किसान, बहिष्कार का लगाया पोस्टर

किसानों ने की मतदान के बहिष्कार की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। एक तरफ किसान दिन रात मेहनत कर खेतों में फसल तैयार कर रहा है। तो दूसरी तरफ पालतू गाये फसलों को चर जाती है। यह क्रम पिछले कई सालों से खनता पार के तकरीबन 20 गांवों में जारी है। पालतू गायों से परेशान ग्राम शेर पुर सराय के किसानों ने आज मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी है।

जिसके चलते ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का पोस्टर लगाकर जमकर नारेबाजी की एवं मतदान न करने की बात कही। विकास खण्ड कमालगंज के मौजा शेर पुर सराय के रहने वाले पंकज शुक्ला ने बताया गांव कुण्ड पुरा के लोगों ने सैकड़ो की संख्या में गाय पाल रखी है और उन गायों को वह लोग सांझ होते ही छोड़ देते हैं ।यह गाये खेतों में तैयार खड़ी फसले चर जाती है। यदि इसने कोई शिकायत करता है तो उसके साथ मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। इस संबंध में वह कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं और विधायक को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई केवल शेरपुर सराय के ही नहीं बल्कि बहवलापुर, सिंगीरामपुर, चियासर मधवपुर सहित 20 गांव के लोग परेशान हैं ।कोई कार्रवाई न होने पर आज उन लोगों ने मतदान के बहिष्कार का फैसला ले लिया है। लोकसभा चुनाव में वह मतदान नहीं करेंगे । उनका कहना है कि जान से जीविका प्यारी होती है ।उनकी खेती को देखते-देखते जानवर चर जाते हैं। जब वह बेड़ा राशि में इन जानवरों को बंद करते हैं तो बेड़ा रास से भी इन जानवरों को छोड़ दिया जाता है।

गांव कुड़पुरा वालों का भय व्याप्त है। इस वजह से पिछले 20 साल से गायों को रात में छोड़ देते हैं जो की खेतों में खड़ी फसले चर जाती है। शेरपुर सराय के आज सैकड़ो लोगों ने बैनर लगाकर मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी। ग्रामीणों ने बताया की गौशाला में गोवंशों को चिन्हित कर उनके सींगों पर पेंट कर भेजा जाता था। परंतु गौशाला से उन्हें बाहर कर दिया जाता था, ग्रामीणों ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

बैनर लगाकर मतदान का बहिष्कार करते ग्रामीण। अमृत विचार

आग बुझाने के तरीके बताकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- रैली निकाली, शहीदों को नमन कर अर्पित किए पुष्प

अमृत विचार। अग्निशमन सप्ताह के तहत रविवार को रैली निकाली गई। रैली में शामिल अग्निशमन कर्मचारियों ने लोगों को आग बुझाने के तरीके भी बताए।

अग्निशमन मुख्यालय पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी विजय प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में अग्निशमन सप्ताह दिवस पर परेड का आयोजन किया गया। शहीदों को नमन कर पुष्प अर्पित किए। दमकल कर्मियों ने सलामी देने के बाद एक दूसरे को प्लैग लगाए। कार्यालय से दमकल के सभी वाहनों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए फतेहगढ़ चौराहे पर पहुंची। इस दौरान लोगों को पंपलेट वितरित कर आग से बचने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि आग लगने के दौरान क्या करना चाहिए। जिससे की जनहानि व माल की हानि से बचा जा सके। ज्यादातर घटनाएं बिजली के शार्टसर्किट से होती है। इससे बचने के उपाय बताए गए। इसके बाद दकमल कर्मियों ने कैंट क्षेत्र स्थित सेना के आपूर्ति कार्यालय में आग लगने के दौरान कैसे लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। इसका डेमो करके दिखाया। रोडवेज बसअड्डे पर पंपलेट वितरण कर सवारियों को जागरूक किया गया। पेट्रोल पंप पर ज्वलनशील चीजों को दूर रखने की हिदायत दी गई।

22 झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी ,जगह-जगह प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर फूल माला अर्पित कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सेवा समिति अजीतनगर इटावा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा अध्यक्ष प्रेम सिंह आंबेडकर की देखरेख में निकाली गई।

शोभायात्रा में शामिल गौतम बुद्ध, बाबा साहब, सम्राट अशोक, नारायण गुरू, संत गाडगे, संत रविदास, अछूतानंद, संत कबीर दास, छत्रपतिशाहूजी महाराज, झलकारी बाई, ज्योतिबाराव फुले, माता सावित्री बाई फुले, शहीद ऊधम सिंह, सिद्धार्थ, देवदत्त, अंगुलिमाल लगभग 22 आकर्षक झांकियां काफी मनमोहक रहीं।

शोभायात्रा में समिति के महामंत्री प्रांशु जाटव, सौरभ जाटव उर्फ टीटू, रवि जाटव, प्रदीप दोहरे, सुनील दत्त अंबेडकर, इंजीनियर सुधीर सिंह, शिवराम सिंह, जितेंद्र बघेला, अमित वर्मा, देवेंद्र सिंह उर्फ रिंकू, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, सुमित हलवाई, बिन्नी, गब्बर,, इंद्रपाल सिंह शामिल रहे।

शोभायात्रा में शामिल डॉ. आंबेडकर की झांकी पर माल्यार्पण करते अध्यक्ष प्रेम सिंह आंबेडकर। शोभायात्रा में शामिल झांकियां।

आंबेडकर जयंती पर पान कुंवर में कार्यक्रमः इटावा। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कहा कि संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहब भीमराव आंबेउकर ने दलितों, निचले वर्ग, मजदूर और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की। सभी छात्र छात्राओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

पान कुंवर में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते कैलाश चंद्र यादव। अमृत विचार

किसान सभा ने मनाई आंबेडकर जयंती

इटावा। देश के संविधान को बचाएं बिना बाबा साहेब के मिशन को पूरा नहीं किया जा सकता है और न ही देश की आम जनता, गरीबों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, को आगे बढ़ाया जा सकता है ।यह बात किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमर सिंह शाक्य ने बाबा साहब अंबेडकर की 133 में वर्षगांठ पर किसान सभा मंडल याशी नगर मे आयोजित कार्यक्रम में कहीं। दिलीप दिवाकर, रामनरेश प्रधान खुडीसर ,गंगा सिंह शाक्य,कैलाश बाबू शाक्य भनते कौशल बोथि, आशीष दिवाकर, पिंटू शाक्य, चन्द्र पाल शाक्य,व रूची शाक्य ने भी विचार व्यक्त किये ।

शिक्षा का मूल मंत्र दिया

इटावा। कलेक्ट्रेट सभागार में भीमराव आंबेडकर का 133 वां जन्म दिवस मनाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल 1991 में हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया एवं उनका एक ही मूल मंत्र था की दो रोटी कम खाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलानी है। कार्यक्रम का संचालन संजय वर्मा ने किया।

कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को किया याद

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई ।जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव और शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा बाबा साहब ने सिखाया कि अन्याय के विरुद्ध चुप नहीं बैठना चाहिए बल्कि हमें उसका का खुलकर विरोध करना चाहिए। पीएससी सदस्य मोहम्मद राशिद खान,कोमल सिंह कुशवाहा, आरबी पाल, वाचस्पति दुबे, सोजब रिजवी, आसिफ जादरान, सुनीता कुशवाहा,सुरेंद्र प्रताप सिंह,आशीष दीक्षित,आसाराम कठेरिया,रणवीर सिंह यादव,अवनीश वर्मा, सचिन संखवार, अंजू वर्मा अंसार अहमद,प्रभु दयाल शाक्य,हरिओम,अमित अग्निहोत्री मौजूद रहे।

स्लोगन व कार्टून के जरिए बताया मतदान का महत्व

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अर्थात स्वीप कार्यक्रम के तहत प्राइमरी एवं जूनियर बच्चों की चित्रकला /स्लोगन/ कार्टून प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने सुंदर-सुदर पोस्टर तथा स्लोगन बनाए। बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रावि कैस्त में कक्षा पांच की पायल प्रथम रही। प्राथमिक विद्यालय सिसहाट के यश दूसरे तथा प्रावि तमेरी के चेतन सिंह तीसरे नंबर पर रहे। जूनियर वर्ग में अनन्या कंपोजिट विद्यालय जसवंतनगर प्रथम, अंश द्वितीय तथा रजनीश तृतीय रहे। खंड शिक्षा अधिकारी नवाब सिंह वर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी ।

एआरपी जितेंद्र यादव ने सभी बच्चों का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता को वोट डालने के लिए अवश्य प्रेरित करें। एआरपी जवाहरलाल शाक्य ने भी सभी को आगामी चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। लेखाकार विमल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चित्रों का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

छठे दिन शुकदेव जन्म की कथा सुनाई

संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। शिव शक्ति गेस्ट हाउस महेवा में श्रीमद्भागवत कथा के छटवें दिन सरस कथा वाचक पूनम शास्त्री ने शुकदेव जन्म की की कथा सुनायी। कहा कि भगवान शिव पार्वती को जब अमरकथा सुना रहे थे तो पार्वती जी सुनते सुनते निद्रा में चली गई। उनकी जगह शुक (तोते) ने हुंकारी भरना शुरु कर दिया । जब प्रभु शिव को यह बात ज्ञात हुई तो वह शुक को मारने के लिए उसकी पीछे दौड़े तो शुक व्यासजी के आश्रम में जा पहुंचा।

उन्होंने कहा कि कभी भी कथा सुनते समय सोना नहीं चाहिए । कथा को सुनकर उसको अपने नैतिक जीवन में अमल में लाना चाहिए । पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गर्भ में ही इन्हे वेद, उपनिषद, दर्शन, पुराण आदि का ज्ञान हो गया, पर माया के डर से ये 12 वर्ष तक गर्भ में ही छिपे रहे । बाद में श्रीकृष्ण से माया के प्रभाव से मुक्त रहने का आश्वासन मिलने पर ही ये बाहर निकले। इस दौरान परीक्षित सूबेदार शिव शंकर यादव और उनकी धर्मपत्नी मालती देवी, अरुण यादव ,अनिल यादव, प्रवक्ता शिव शंकर यादव , अभिषेक यादव, अमोल सिंह ठेकेदार , पूर्व प्रधान चौधरी बड़े यादव, वरिष्ठ सपा नेत्री सरिता यादव, राकेश यादव, सन्टूसिंह, यशपाल यादव, सहकारी समिति अध्यक्ष गंभीर सिंह यादव , ममता मिश्रा ,रमेश बाबू उर्फ़ कल्लू नेता, विजय यादव ,पत्रकार प्रशांत सविता सहित हजारों कि संख्या में श्रोतागण कथा का रसपान करते रहे ।

भागवत कथा के दौरान पूनम शास्त्री।

पूजन कर कन्याओं को कराया भोज

बकेवर, इटावा। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर रविवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना का दौर चलने के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। शनिवार को चैत्र नवरात्र छठवें दिन सुबह से भरथना रोड पर बकेवर में स्थित सुप्रसिद्ध माता गमा देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ उमड़ी पड़ी। माता के भक्तों ने मंदिर में फूल, मिठाई का भोग लगाया। मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा शीलू ने मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन कराया। वहीं नन्दू शुक्ला, अनिल तिवारी, अनूप शर्मा एडवोकेट, रवी अवस्थी, रवी प्रकाश शुक्ला, अनील चौधरी, आकाश पाठक, शोलू तिवारी आदि का सहयोग रहा।

डंपर की टक्कर से खेत पर जा गिरे बाइक सवार

बसरेहर, इटावा । बसरेहर थाना क्षेत्र के बुलाकीपुर गांव में मिट्टी भरकर इटावा जा रहे बेकाबू डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार युवक उछल कर खेतों में जा गिरे। डंपर बाइक के ऊपर से गुजर गया। युवक तो बाल बाल बच गए लेकिन बाइक चकना चूर हो गई। बाइक सवार ने बताया कि उसके गांव में जेसीबी से मिट्टी का खनन किया जा रहा था । वह सुबह अपने घर के बाहर बने गड्ढे को भरने के लिए एक ट्रॉली मिट्टी लेने के लिए गया था ।जिसके एवज में दो हजार रुपये की डिमांड खनन माफिया ने की थी। रुपये कम न करने को लेकर विवाद हुआ था। थाने में शिकायत करने को निकले तभी डंपर ने टक्कर मार दी और भागने लगा। थाना अध्यक्ष बसरेहर कपिल चौधरी ने बताया की दोनो लोगों में ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरने को लेकर विवाद हुआ था ।मामले की जांच की जा रही है।

चेन स्नेचिंग करने वाली 14 महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- कालका माता के दर्शन करने आईं महिलाएं हुईं थीं शिकार
- पुलिस ने सात चेन और चार मंगलसूत्र किए बरामद

अमृत विचार। देवी कालका माता लखना मंदिर में दर्शन करने आईं महिलाओं के गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र पार करने वाली 14 महिलाएं पुलिस के हाथ आ गईं। इनके पास से सात चेन, चार मंगलसूत्र बरामद हुए जिनकी बाजार में नौ लाख रुपये कीमत बताई गई। यह गैंग मेला लगने वाले स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता है। कई जिलों की महिलाएं इसमें शामिल हैं। एसएसपी ने टीम को 20 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शनिवार को लखना नगर में मां कालिका माता मंदिर में दर्शन करने वालों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसका फायदा उठाते हुए करीब एक दर्जन महिलाओं ने गले से सोने की चेन मंगलसूत्र पार कर लिए जाने की शिकायत की। इस पर बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा को टीम सहित लगाया गया, सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य संसाधनों की मदद से पुलिस को सफलता मिल गई। इससे मेला परिसर से प्रयागराज के धूमनगंज की रवीना, फूलपुर रेलवे क्रॉसिंग की रेशमा, कनिका, हेमलता, जिला उन्नाव के गांव धरौली की मीनाक्षी, इसी जिले के किशनगढ़ की रोशनी, आगरा शाहगंज की मुन्नी, आकांक्षा, स्वाती, सुलेखा, सावित्री, कवित्री तथा अलीगढ़ की विनीता तथा कविता को महिला पुलिस के साथ फोर्स ने पकड़ा, इन सभी के नाम, पता काल्पनिक बताए गए हैं। इनके पास से सोने की सात चेन चार मंगलसूत्र बरामद हुए। इन सभी ने मेला लगने वाले स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने का अपराध स्वीकार किया। मुन्नी गोवर्धन में पकड़ी जा चुकी है। इसके खिलाफ पहले से अभियोग दर्ज हैं। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। संबंधित जिलों को बताकर इनका इतिहास खंगाला जा रहा है। 20 हजार इनाम पाने वाली टीम एसएसपी संजय वर्मा से 20 हजार रुपये का इनाम पाने वालों में थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, एसआई ललित कुमार, इंद्रेश कुमार, विनय कुमार द्विवेद्वी, हैका विजय दीक्षित, महिला कानि आकांक्षा तिवारी, निर्मल शर्मा शामिल हैं।

जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

आपस में रिश्तेदार हैं सभी आरोपी महिलाएं

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि इस महिला गैंग में सभी एक-दूसरे की रिश्तेदार हैं और कितनी इसमें शामिल हैं इसका पता लगाया जा रहा है। अभी तक यह गैंग अयोध्या, विन्ध्वासिनी, प्रयागराज कुंभ मेला, जिले में ब्रह्माणी देवी, नीलकंठ तथा सरसईनावर मेला में घटनाओं को अंजाम दे चुकी हैं। इनके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

दर्शन करने के दौरान बरतें सजगताः एसएसपी

एसएसपी संजय वर्मा ने सभी दर्शनार्थियों को सजगता बरतने की सलाह देते हुए कहा कि दर्शन के दौरान झुकते समय गले पर भी ध्यान रखें ।इसी समय घटना की जाती है। चेन पार करने वाली महिला दूसरी को चेन या मंगलसूत्र दे देती हैं जो कटर से दो तीन टुकड़े करके गायब कर देती है। भीड़ वाले स्थानों पर सभी को सजगता बरतनी चाहिए।

10 और शातिर बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- लोस चुनाव के चलते शातिरों के खिलाफ विशेष अभियान

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में कराने को पुलिस अपराधियों तथा अराजक तत्वों के खिलाफ व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जिले के विभिन्न थानों में 10 और शातिर बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि बीते दशक में जिले में 1276 तथा अन्य जिलों में 674 प्रकाश में आए लुटेरे, चेन स्नेचर, नकबजन अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, हमारे कार्यकाल में अभी तक 203 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। इनमें 10 की अभी खोली गई है जिनमें थाना चौबिया के गांव मोहनपुर का अशोक यादव, बरालोकपुरा का गोलू, सद्दाम अली, इसी थाना के गांव अकबरपुर का नीलेश उर्फ रैना तथा अंशुल यादव, इसी थाना के गांव चमरोआ का मोहित यादव, थाना सिविल लाइन के गांव जवाहरपुर का प्रीतम यादव तथा सराय दयानत का दीपांशु, थाना इकदिल के गांव कछपुरा का विकास तथा इसका भाई विशाल की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

संवाददाता ताखा, इटावा

- स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

अमृत विचार। विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लेकर नारे लगाते हुए मतदाताओं को जागरूक करते दिखे।

वोट देना कर्तव्य भी अधिकार भी,वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है,छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करो मतदान, डाले वोट बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं आदि आदि नारों को लगाते हुए गांवों की गलियों में भ्रमण कर बच्चे सात मई को होने वाले मतदान के दिवस मतदान करने की अपील करते दिखे। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय अमथरी में विकास यादव व कंपोजिट विद्यालय सोरों में संकुल शिक्षक अमित सिंह चौहान के नेतृत्व में रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार,हरेंद्र सिंह,विनय कुमार,लवेंद्र भाटिया,आनंद कुमार,संजय कुमार,प्रबल प्रताप,अब्दुल हमीद,अवनीश शर्मा,मोहित द्विवेदी,राजकुमार,शिव कुमार विपिन सिंह चौहान समेत कई शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

बूथों पर पानी, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त कराएं

संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने ब्लाक सभागार में सभी ग्राम सचिवों की बैठक कर बूथों पर सभी बुनियादी सुविधाएं दो दिवस के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीडीओ महेवा सूरज सिंह ने सभी सेक्टर प्रभारियों को निर्देश दिया कि आगामी 13 मई को होने वाले मतदान से पूर्व स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन, पंखा, बल्व, चार्जिंग साकेट, खिड़की दरवाजों की जांच व मरम्मत, शौचालय, क्रियाशील हैंडपंप, दिव्यांग मतदाता के लिए व्हीलचेयर, दिव्यांग रैंप का काम पूरा होना चाहिए।

एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने सभी सचिवों को साफ सफाई की व्यवस्था सफाई कर्मी से कराने का निर्देश दिया। बैठक में अशोक सिंह, नागेंद्र प्रकाश, आदित्य देव सिंह, बब्बू राजा, अनुज गुप्ता, सौरभ, यशवीर सिंह, शैलेंद्र कुमार, नेहा दीक्षित, सूबी दुबे, इंद्र प्रताप सिंह, आलोक कुमार सहित सभी ग्राम सचिव मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

अराजकतत्वों ने तोड़ी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम धरवार के पुलिस चौकी के पास एक स्कूल में संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की स्थापित प्रतिमा को अराजकतत्वों ने खंडित कर दिया। ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे तो उन्होंने देखा कि मूर्ति खंड़ित है। इसके बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। मौके पर क्षेत्राधिकारी विवेक जावला पहुंचे। इसके बाद खंडित हो चुकी मूर्ति को हटाकर नई मूर्ति को प्रतिस्थापित कराकर रात को ही मामले को शांत कराया गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने आनन फानन में खंडित मूर्ति को उस जगह से हटाकर रातों रात नई मूर्ति स्थापित कराकर मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। हम लोगों में से किसी भी ग्रामीण को फोटो तक नहीं खींचने दी गई। ग्रामीणों की मांग है कि मूर्ति तोड़ने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बाद में पुलिस सुरक्षा संरक्षण में गांव में डॉ आंबेडकर शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई।

पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

इटावा। जनपद के सांसद रहे स्व. चौधरी रघुराज सिंह की पुण्यतिथि पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में श्रद्धांजलि गोष्ठी कर दिवंगत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया गया। चिकित्सालय संस्थान के अध्यक्ष के डॉ. विद्याकांत तिवारी ने कहा कि सादगी और शुचिता की राजनीति का आदर्श स्थापित करने वाले इटावा के पूर्व सांसद चौधरी रघुराज सिंह सर्व समाज के प्रिय नेता थे। उन्होंने भी बिना भेदभाव सभी के काम किए। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके त्रिपाठी, घनश्याम तिवारी, डॉ. प्रभाकर कटियार, आचार्य महेश तिवारी, सुधीर मिश्र, अवधेश पचौरी, शिवेंद्र यादव, शिवम गुप्ता, उमाकांत पाठक ने भी स्वर्गीय सांसद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जंगल में आग लगने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

उदी, इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र में गांव गाती के निकट रविवार दोपहर को जंगल में आग लगने से हाहाकार मच गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके आग को बुझा लिया। इटावा से बुलाई गई दमकल गाड़ी रास्ते के अभाव में घटना स्थल तक नहीं पहुंच सकी। थाना प्रभारी गणेशशंकर द्विवेदी ने बताया कि आग गांव गाती की आबादी से एक किमी दूर चंबल नदी किनारे बीहड़ में लगी। अग्निशमन गाड़ी को भी बुलाया गया लेकिन रास्ता नहीं होने के कारण आग से प्रभावित स्थान तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाकर निकट खेतों में खड़ी कई एकड़ गेहूं की फसल को बचा लिया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नही हो सका है।

स्कूटी का हॉर्न बजाने पर पीटा, एफआईआर

इटावा। कोतवाली सदर में इसी क्षेत्र सराय शेख साबितगंज में रहने वाले हर्ष वर्मा ने मोहल्ला कबीरगंज के मुनीर वारसी तथा रिंकू वारसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा गया कि घर से मंदिर जाने के दौरान इनके घर के सामने स्कूटी का हॉर्न बजाने पर इन दोनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, चीख पुकार सुनकर लोगों के आने पर लोहे की आरी दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

न्यायालय के आदेश की अवमानना पर रिपोर्ट दर्ज

इटावा। थाना सिविल लाइन में एसआई अरिमर्दन सिंह ने थाना चौबिया क्षेत्र में गांव नगला सिंह में रहने वाले केशव दयाल के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवमानना करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा गया है कि जुलाई महीने में इसके खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी करने का अभियोग दर्ज कराया गया, तभी से यह फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर इसके घर पर कुर्की की चेतावनी का आदेश चस्पा किया गया लेकिन यह हाजिर नहीं हुआ।

नई व्यवस्था एक छात्र को बनाया जाएगा प्रधानमंत्री, विभिन्न विभागों की देखरेख के लिए मंत्रिमंडल में होंगे 12 मंत्री

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बाल संसद का गठन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बाल संसद का गठन होगा। इसकी प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। कुछ विद्यालयों में बाल संसद का गठन कर दिया गया है। यह बाल संसद पढ़ाई लिखाई के साथ स्कूल की अन्य व्यवस्थाओं में भागीदारी करेगी।

जिले में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की पहल पर बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बाल संसद की गठन की प्रक्रिया की शुरुआत की गई है। इसमें एक छात्र को प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। उसका पूरा मंत्रिमंडल होगा जिनमें विभिन्न विभागों के मंत्री होंगे। यह मंत्री बनाए गए छात्र अपने-अपने विभागों से संबंधित कामकाज देखेंगे। इस प्रयास से एक और जहां विद्यालयों की व्यवस्था गुणवत्ता पूर्ण किए जाने में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर छात्रों को अपने छात्र जीवन से ही कामकाज का अनुभव हासिल होगा। इसमें शिक्षकों की साथ ही अभिभावकों को भी जोड़ा जाएगा। इस मंत्रिमंडल में कुल मिलाकर 12 मंत्री होंगे जिन्हें अलग-अलग विभाग दिए जाएंगे। यह मंत्रिमंडल समाज, परिवार, शिक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में वार्ता करेगा और निर्णय भी लेगा। विद्यालय के प्रबंधन में भी इस बाल संसद को भागीदार बनाया जाएगा। इसकी शुरुआत को लेकर शिक्षकों और छात्रों में काफी उत्सुकता है अभी सत्र की शुरुआत हुई है और ऐसी संभावना है कि जल्द ही जिले की बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों में बाल संसद का गठन कर दिया जाएगा।

कंपोजिट विद्यालय रजमऊ में चुनाव के लिए मतदान करते विद्यार्थी। अमृत विचार

- पढ़ाई और अन्य व्यवस्थाओं में होगी मंत्रिमंडल की भागीदारी

बाल संसद को लेकर उत्साह

इटावा। जिला समन्वयक मनोज ठाकरे ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की पहल पर जिले के विद्यालयों बाल संसद का गठन किया जाने लगा है उन्होंने कहा कि इसके लिए जो नियम बनाए गए है उसे उन्ही नियमों की अनुरूप यह बाल संसद विद्यालयों में कार्य करेगी। इस बाल संसद को लेकर काफी उत्साह भी है।

ऐसा होगा मंत्रिमंडल

- शिक्षा मंत्री
- उप शिक्षा मंत्री, जिसे मीना मंत्री कहा जाएगा (इस पद पर कोई लड़की ही होगी)
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री
- उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री
- जल एवं कृषि मंत्री
- उप जल एवं कृषि मंत्री
- पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री
- उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री
- सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री
- उप सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री
- बाल सुरक्षा मंत्री
- बाल उप सुरक्षा मंत्री

बंदियों को विधिक जानकारियां दीं

इटावा। केंद्रीय कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता व जागरुकता प्रशिक्षण अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

केंद्रीय कारागार में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुशवाहा व जेल के वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. रामधनी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में गरीब बंदियों की जमानत एवं जुर्माना राशि ट्रायल अपील रिवीजन समय पूर्व रिहाई मदद के लिए चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्य शाला के सफल आयोजन के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट की प्रशंसा की। जेलर अंजनी कुमार किशन पाल सिंह डा अशुल मौर्या प्रभू प्रताप सिहं आदि मौजूद रहे।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित: ॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्जों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर

अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर

व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

प्रसंगवश

जिंदगियां बदलता मोबाइल

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

संजय वर्मा
इंदौर

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

बरी-बरी में नौन

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

सोशल फोरम

दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशत: यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

सनातन परंपरा की झलकियां

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

वंचितों को अधिकार देता है बाबा साहेब का संविधान

जिले भर में मनाई गई आंबेडकर जयंती, डीएम ने लोगों से उनके दिखाए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि बाबा साहब ने समाज में फैली कुरीतियों और सामाजिक असमानता को दृष्टिगत रखते हुए जिस संविधान की रचना की वह आज भी हम सभी को यह शिक्षा देता है कि समाज के हर वर्ग को उसका अधिकार मिले। वह समान रूप से रहते हुए अपना जीवन यापन कर सके इन्हीं विचारों को आज हम सभी को अपनाते हुए कार्य करना है। तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में हम सभी लोग संविधान की व्याख्या अपने हितों के अनुरूप करते हुए कार्य करते हैं। लेकिन बाबा साहब ने समाज को दृष्टिगत रख के संविधान की रचना की जिससे हर किसी को समान अधिकार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अच्छा कार्य करने वाले को जल्दी भूल जाते हैं लेकिन उनके आदर्शों और विचारों पर ढलकर ही आगे बढ़ सकते हैं।

अपर जिला मजिस्ट्रेट(वि०/रा०) अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने बिना किसी वर्ग या समाज को देखकर कार्य किया। बल्कि समाज के हर वंचित को समान अधिकार दिलाने में उन्होंने अपना पूर्ण योगदान।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर गरिमा सोनाकिया, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य सहित कलेक्ट्रेट ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

उक्त अवसर पर अयोध्या प्रसाद ए ओ , रूबी खाद्य विपणन विभाग, बृजेश कुमार ,राहुल कुमार, अखिलेश कुमार ,रघुवीर, श्याम प्रकाश व सुंदरलाल को अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

प्रमुख मार्गों पर निकलीं रैलियां, जगह-जगह किया गया स्वागत

फफूंद,औरैया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती पर कस्बे व आसपास गांव क्षेत्र में रैलियां निकलीं। जगह जगह स्वागत किया गया। अछल्दा चौराहे पर चेयरमैन मोहम्मद अनवर के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के युवाओं ने रैली का स्वागत किया। रैली में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। रैली ने पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी। रविवार को आंबेडकर जयंती पर कस्बे व आसपास के ग्राम सिम्हारा, माहतेपुर, फक्कड़पुर, उजीतिपुर, पाता, सलहापुर, तुलसीपुर आदि दर्जनों गांव से बाबा साहब समर्थकों की कई रैलियां निकलीं। गांव में घूमने के बाद रैलियां फफूंद के प्रमुख मार्गों से होकर भी गुजरीं, जिसमें बाबा साहेब के सैंकड़ों समर्थक गले में नीली पट्टी डाले जय भीम लिखे नीले झंडे लहराते हुए डीजे की धुन पर बाबा साहेब के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रैलियों के अछल्दा चौराहे पर पहुंचने पर अब्दुल सत्तार खलीफा के आवास पर चैयरमैन मोहम्मद अनवर के नेतृत्व में कस्बे के युवाओं ने वहां से गुजरने वाली सभी रैलियों के हुजूम का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद स्टाल के जरिए रैली में शामिल सभी लोगों को लंच पैकेट, फल फ्रूट व शर्बत पानी आदि का वितरण किया गया। सिम्हारा में ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांव में रैली निकाली जिसमे पांच सौ से अधिक ग्रामीण झंडे लहराते हुए नारे लगाते हुए सिम्हारा जूनियर स्कूल पहुंचे। जहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण केक काटकर बाबा साहब का जन्म दिन मनाया। मोहम्मद अफजल, गुलाम मुर्तजा, इकबाल चौधरी, मोहम्मद हसन, पूर्व प्रधान रामनिवास, पिंटू दोहरे, महाराज बौद्ध, सुधीर दोहरे, दीपक सिंघानिया, रोबिन सिंह, मुकेश, शिवकरन आदि मौजूद रहे।

फफूंद में बाबा साहेब की जयंती पर रैली निकाली गई। अमृत विचार

डॉ. आंबेडकर को किया नमन

कुदरकोट, औरैया। कुदरकोट में जयंती समारोह का आयोजन सार्वजनिक आंबेडकर समिति के तत्वाधान में किया गया। सुबह 8 बजे डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद बुद्ध वंदना की गई। 10 बजे कुदरकोट थाना के पास योगीराज स्कूल कुदरकोट से रैली निकाली गई। रैली के दौरान सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। रैली का समापन कुदरकोट योगी राज मे आयोजित कार्यक्रम स्थल पर किया। वहीं भीम गीतों पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

रैली में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

डॉ. आंबेडकर की जयंती पर रैलियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा सुबह से ही रैली स्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया था। वहीं गर्मी को देखते हुए रैली में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह पर ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के संयोजक लालू व्यास सचिन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों का विशेष योगदान रहा। संगठन के कार्यकर्ता तथा श्याम विहारी भारत सिंह हरी प्रकाश बल्लू ईशूबाबू संजय सिंह केवल सिंह विश्वनाथ सिंह निक्कू ओमकार स्वारथ सिंह मेहंदी सोनू महेश शीटू ललित महेंद्र प्रताप मोनू सत्यम मास्टर सुरेश चन्द व्यास मास्टर महेश चन्द्र रीशू सागर आदि सैकड़ो लोग रैली में शामिल हुए।

झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

अछल्दा औरया। बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आकर्षक झांकियों के साथ युवा डीजे की धुन पर नाच रहे थे। प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा आंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कस्बा के ब्लॉक चौराहा से बाबा साहब की निकाली गई शोभायात्रा में एक रथ पर भगवान बुद्ध की झांकी चल रही थी तो वहीं दूसरे रथ पर बाबा साहेब विराजमान थे। शोभायात्रा में करीब आधा दर्जन डीजे की गाड़ियां चल रहीं थीं जिसमें युवा गाने धुन पर नाच रहे थे तो वहीं महिलायें भी डीजे की धुन पर जमकर नृत्य कर रहीं थीं शोभायात्रा का कस्बा में कई जगह पर स्वागत किया गया शोभायात्रा ब्लॉक चौराहा से चलकर हरीगंज बाजार, सराय बाजार, नहर बाजार होते हुए आंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप यादव ने शामिल होकर बाबा साहब की मूर्ति पर माला पहनाई,वहीं भाजपा के लोक सभा प्रमुख किसान वर्ग जितेन्द्र सिंह सेंगर ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने शोभायात्रा में शामिल होकर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया शोभायात्रा में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश यादव, मुकेश यादव डकूरे, नेत्रपाल सिंह यादव, शिशुपाल सिंह, डॉ. कमलेश, सुरेश चन्द्र, वीपी सिंह, सुनील राव बौद्ध, अनूप दोहरे, धर्मेन्द्र कुमार, अतुल यादव, भूपेन्द्र सिंह, टीटू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए।

बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। रविवार को आजाद नगर दिबियापुर स्थित आंबेडकर पार्क में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। लोगों ने पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख रविशंकर ने कहा कि बाबा साहब की बदौलत आज समाज में महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के अलावा कमजोर वर्ग के लोगों को बराबरी का हक हासिल हो सका है। उन्होंने बिसम परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी तथा अपने मिशन को पूरा कर दिया। जिला संघ चालक रणधीर यादव ने बाबा साहब को महामानव बताया।

बाबा साहेब की जयंती कार्यक्रम में शामिल चेयरमैन राघव मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत, शिव सिंह भारती, धीरेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र आंबेडकर, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद रिशी पोरवाल, सभासद राहुल आंबेडकर, सभासद अभय प्रजापति , सभासद इकरार खान, सभासद इन्द्रपाल सिंह, सभासदपति राजकुमार, सभासदपति योगेन्द्र सिंह छोटू, सभासद राजीव शर्मा, पूर्व सभासद प्रमोद यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कन्हैया पांडेय, महामंत्री राजा ठाकुर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अर्पित चौहान एवं पुष्पेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे ।

महाविद्यालय में बाबा साहेब को किया नमन

अजीतमल, औरैया। जनता महाविद्यालय औरैया में रविवा को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो राम बहादुर यादव, प्रो. अजय कुमार, प्रो. वीरेश भदौरिया, डॉ. बिंद्रा बिहारी सिंह, डॉ. समर कांत और संजय कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक अवधेश दुबे एवं कर्मचारी अमन कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते स्कूल स्टाफ के सदस्य। अमृत विचार

एक्सिस पब्लिक स्कूल में भी मनी आंबेडकर जयंती

अजीतमल, औरैया। कस्बे के एक्सिस पब्लिक स्कूल में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य एन.के मिश्रा ने बताया कि बाबा साहेब एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानून विद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण यूनिफॉर्म, सिविल कोड, मौलिक दायित्व की बात की। महक, कंचन, राजीव, जाहिद, कपिल आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

संविधान के अनुसरण का किया आह्वान

अजीतमल। कस्बा अजीतमल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वी जयंती समरसता दिवस के रूप में नगर की बस्तियों में मनाई गई। जिला सह संघ चालक डॉ. उपेन्द्र त्रिपाठी ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी लोगों को संविधान का सम्मान और अनुसरण करना चाहिए। नगर कार्यवाह विपिन चौबे ने बताया कि संविधान निर्माता डॉक्टर साहब ने कहा कि दलितों और पिछड़ों से मिलजुल कर रहे और जात-पात का भेद भाव न करें ।

शादी से तीन दिन पहले घर से नकदी जेवरात समेत लाखों का माल चोरी

संवाददाता कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र की कंचौसी चौकी के अंतर्गत कंचौसी-नौगवां रोड पर शनिवार रात्रि की रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चुराए गए संपत्ति में बेटे की शादी के लिए जुटाया गया सामान था। कंचौसी बाजार नोगवा रोड निवासी अजय सिंह पुत्र अजुद्दी प्रसाद अपने परिवार के साथ नोगवा रोड पर दो मंजिला मकान में रहते है। पीड़ित के पुत्र बाबू सिंह का बीती 12 अप्रैल को तिलक चढ़ा था और घर में 18 अप्रैल को बिधुनू कानपुर जाने वाली बारात की तैयारियां चल रही हैं। उसकी शादी के लिए सामान जुटाया जा रहा था।

शनिवार की रात घर के लोग और घर में मौजूद रिश्तेदार पहली मंजिला छत पर सो रहे थे,तभी चोर पहली मंजिला छत से घर के अंदर घुस गए। सरिया और राड से ताला तोड़कर कमरे में बक्सा-अलमारी खोलकर उसमें से जेवरात और नगदी चोरी कर ली।

परिवार के लोगो चोरी की जानकारी सुबह जागने पर हो सकी। कमरे में सारा सामान बिखरा हुआ पाया। पीड़ित के अनुसार चोर दो हार,4 चूड़ी,3 चेन,7 अंगूठी,1 मंगल सूत्र, एक जोड़ी ब्रज बाला,2 जोड़ी पायल और कमर पेटी एवं 70000 रूपये नकद सहित लाखों का माल चुरा ले गए हैं।

चौकी पुलिस और दिबियापुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मौके पर पहुंची स्वाट टीम घटना की जांच पड़ताल की। चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया टीम गठित कर चोरों की तलाश जारी है।

चोरी की जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- **कंचौसी बाजार के नौगवां रोड की घटना, पुलिस जांच में जुटी**

चोरों ने अलमारी तोड़कर खंगाला।

ट्रक की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक, दो घंटे लगा जाम

संवाददाता कंचौसी,औरैया

- **इंजीनियरों ने बूम को ठीक कर यातायात बहाल कराया**
- **विभागीय उदासीनता से अधर में लटका रेल ओवरब्रिज**

अमृत विचार। दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग रविवार सुबह नौ बजे जल्दी निकलने के चक्कर में औरैया से रसूलाबाद की तरह जा रहा मौरम लदा ट्रक आटोमैटिक बूम बक्सा को रगड़ता हुआ निकला जिससे बक्से में आई खराबी के कारण खुला बूम नहीं गिर सका।

अचानक अलार्म बजने से स्लाइडर बूम डालकर रोड का आवागमन रोका गया तब ट्रैक पर आ रही अप लाइन पर वंदे भारत, डाउन लाइन पर शताब्दी एक्सप्रेस सहित दो दर्जन माल एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनें निकालने के बाद दोपहर 11 बजे के आसपास इंजीनियरो की टीम ने बूम प्रणाली ठीक कर क्रॉसिंग पर यातायात बहाल किया। इस दौरान दोनों तरफ लंबे जाम से आम जन मानस परेशान रहा। सुबह 11 बजे के बाद आटो मैटिक बूम बॉक्स ठीक होने के बाद क्रॉसिंग खुल सकी, क्रॉसिंग खुलने के बाद वाहन सवारो में जल्दी निकलने की होड़ मची रही।

दोपहर 12 बजे के बाद यातायात पुरी तरह बहाल हो सका। लेकिन पांच साल से अधूरे पडे रेल ओवरब्रिज का किसानों और सेतु निगम के बीच सर्किल रेट से चार गुने मुआवजे के मामले में कोई हल नहीं निकलने से कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग राहगीरो के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

इस संबन्ध में स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया ट्रक के टक्कर आटो मैटिक बूम बॉक्स खराब हो गया था जिससे दिक्कत बनी रहीं थी।

बूम दुरुस्त करते मैकेनिक। अमृत विचार

ब्राह्मण समाज ने बैठक कर लिया आपसी सहयोग का संकल्प

दिबियापुर औरैया। दिबियापुर कस्बे के बेला रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में विप्र वंश की मासिक बैठक संपन्न हुई। इसकी शुरुआत में पंडित राजेश पांडे ने हवन यज्ञ कराया । विप्र वंश के संयोजक महेश पांडे ने बैठक के उद्देश्य के बारे में समाज के लोगों को अवगत कराया। बैठक में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य लड़के एवं लड़कियों की जानकारी समाज के जरूरत मंद लोगों के बीच साझा की गई बैठक की अध्यक्षता मोहन कृष्ण त्रिवेदी ने की।

रमेश कुमार शुक्ला ने कहा की बैठक के उद्देश्य की पूर्ति के लिए समय से बच्चों की शादी करने तथा बीघा विश्वा से दूर रहने पर बल दिया प्रोफेसर रमेश चंद तिवारी ने बैठक को व्यापक बनाते हुए मेधावी छात्रों तथा समाज के लिए कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का विचार व्यक्त किया।

अरुण कुमार शुक्ला, गिरीश चंद्र चौबे, दीपू मिश्रा, महेश पांडे, आलोक दुबे, पंकज, श्रीकांत दीक्षित, रामकुमार मिश्र, नरेंद्र कुमार दुबे, बृजेश मिश्रा, आदित्य कुमार त्रिपाठी, डॉ. राम बिहारी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया

फफूंद, औरैया। नगर के बाबरपुर रोड पर स्थित दुर्गा देवी मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान उत्सव में कथाव्यास पंडित अमित कुमार तिवारी (छुन्ना पंडित) ने रविवार को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया। महाराज जी ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में रविवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया।

श्रीकृष्ण की झांकी।

जमीन का दूसरा बैनामा कराकर की धोखाधड़ी

अछल्दा। गांव नगला जंगी निवासी रामकिशोर यादव पुत्र राम प्रकाश यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अछल्दा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होनें पुलिस को बताया कि विपक्षी सुघरश्री पत्नी सुखवीर सिंह निवासी नगला मंशी पोस्ट बघईपुर थाना अछल्दा जनपद औरैया ने अपनी जमीन गाटा संख्या 402 मौजा बघईपुर की 0.1615 हेक्टेयर का भूमि का बैनामा 10 मई 2023 को विनीता यादव पत्नी सुधीर सिंह निवासी श्याम नगर भरथना रोड जनपद इटावा को कर दिया था। इसके बाद उसी जमीन और उतने ही रकवा का बैनामा सुघरश्री व उनके पति सुखवीर सिंह ने प्रार्थी को 29 दिसंबर 2023 को कर दिया है। जब प्रार्थी ने बैनामा करवाया था तब यह पूर्व ब्रिक्री का आदेस इन्तेखाव पर नहीं चढ़ा था जब प्रार्थी के वकील ने दाखिल खारिज के लिए कागज दायर किये तो नए इन्तेखाफ़ में पता चला कि उक्त जमीन का बैनामा पहले से ही हो चुका है। अत: यह स्पष्ट है कि प्रार्थी के साथ विपक्षी सुघरश्री व उनके पति सुखवीर सिंह द्वारा जालसाजी व धोखाधड़ी करके उक्त जमीन बेची गयी है। प्रार्थी द्वारा विपक्षी को जमीन की कीमत छै लाख अस्सी हजार नगद एवं बैंक खाते द्वारा दी जा चुकी है। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट कर घर का सामान तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

अछल्दा। अछल्दा थानाक्षेत्र के गांव दिवरिया निवासी विनोद कुमार पुत्र स्व भंवर सिंह ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि बीते 11 अप्रैल को प्रात: 9.00 बजे जब प्रार्थी अपने मकान बनवाने का कार्य कर रहा था। तभी अमीर सिंह पुत्र सरनाम सिंह, अनीता पत्नी अमीर सिंह व ब्रजमोहन पुत्र कल्यान सिंह लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो सभी मिलकर मारपीट करने लगे। घर पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे जिससे सामान टूट गया थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

यमुना तट पर आरती, महिलाओं ने किया दीपदान

औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समित द्वारा रविवार को नवरात्र छठ यमुना जन्मोत्सव के पावन अवसर पर यमुना आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनूप कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, औरैया व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकुमार पुरवार जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा, औरैया, गंगा समग्र के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट व गहोई सेवा समिति, औरैया के अध्यक्ष विष्णु गहोई मौजूद रहे। अतिथियों ने यमुना मैया की विधि-विधान से यमुना मैया की दिव्य आरती उतारकर उनका गुणगान किया। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना का उद्गम यमुनोत्री से है, यमुनोत्री जाए बिना उस क्षेत्र की यात्रा अधूरी मानी जाती है। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान के अंतर्गत अपने व अपने परिवार की सलामती, सुख-समृद्धि, शांति व संपन्नता हेतु अपनी आस्था का एक-एक दीपक यमुना मैया के चरणों में समर्पित किया। समिति के संस्थापक ने कहा कि शीघ्र ही "जल संरक्षण" के अंतर्गत जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा । शारदा देवी, लक्ष्मी बिश्नोई, एकता गुप्ता, गुड्डन गुप्ता, दामिनी गुप्ता, बबिता गुप्ता, पूजा पोरवाल, डॉ. एस.एस.परिहर, अजय कांत गुप्ता, कपिल गुप्ता, सुनील अवस्थी, विमल गुप्ता, आनन्द गुप्ता (डाबर), शिक्षक अनुराग गुप्ता, आदित्य पोरवाल, मनोज पुरवार, अनूप बिश्नोई, हिमांशु दुबे, अनुपम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

यमुना मैया को दीपदान करतीं महिलाएं।

श्रद्धांजलि

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एनटीपीसी दिबियापुर इकाई में अग्निशमन सप्ताह की शुरुआत

दुर्घटनाओं में शहीद सीआईएसएफ के जवानों को किया गया नमन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एनटीपीसी दिबियापुर में अग्निशमन सप्ताह शुरू किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी एमपी सिंह व संजय बालियान एजीएम (ओ & एम) एनटीपीसी रहे। उन्होंने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की भूमिका एवं कार्यों को अहम बताया। सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर अग्नि दुर्घटनाओं में शहीद जवानों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस वर्ष के थीम 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें' पर आधारित बैनर का विमोचन किया गया।

अग्निशमन शाखा प्रभारी एसी राकेश कुमार ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 में मुम्बई के विक्टोरिया डॉक यार्ड में एक मालवाहक जहाज एसएस फोर्ट स्टाइकिन जो कि ब्रिटेन से कराची होकर मुम्बई पहुंचा था। सामान्यतः इस तरह के जहाज को डॉक पर आने की अनुमति नहीं होती। द्वितीय विश्व युद्ध का समय था। किसी तरह उसे आने दिया गया, समय करीब शाम चार बजे जहाज में एक भीषण विस्फोट हुआ। जहाज 1318 टन टी.एन.टी. 8700 बेल्स रुई के बंडल, ज्वलनशील तेल के ड्रमों से लदा हुआ था।

विस्फोट और उसके बाद लगी आग से जलपोत, डॉकयार्ड सुविधाओं और आसपास के आवासीय क्षेत्र में भारी तबाही हुई, जिसमें 68 से अधिक अग्निशमन कर्मी, लगभग 150 डॉकयार्ड कर्मी और अनगिनत नागरिक अपनी जान गंवा बैठे। इसके बाद भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष इस अमूल्य जीवन हानि तथा इसके बाद जो अग्निशमन कर्मी कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए हैं। उनको याद करते हुए। 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस तथा उसके बाद के सप्ताह को अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन क्लास का आयोजन किया जाएगा जिसमे अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जाएगा। संयत्र कर्मचारियों, सीआईएसएफ सुरक्षा शाखा, कैजुअल लेबर, केंद्रीय विद्यालय, सेंट जोसेफ स्कूल, संजोस स्कूल के बच्चों तथा दिबियापुर थाना के कर्मचारियों के लिए भी आयोजित कराई जाएगी।

इस अवसर पर आलोक नगर आवासीय महिलाओं हेतु अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव संबंधित जानकारी का भी आयोजन किया जायेगा। समापन 20 अप्रैल को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

अंत में एडीएम एमपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को रवाना किया। एजीएम एचआर तन्मय दत्ता, उप कमांडेंट पीआर. राय सहित सीआईएसएफ के अधिकारीगण एवं बल सदस्य मौजूद रहे।

थीम का विमोचन करते अधिकारी। अमृत विचार

शपथ दिलाते एडीएम व शाखा प्रभारी। अमृत विचार

आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

2009 में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते

सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

40% मुस्लिम	13 % जाटव	08 % राजपूत
07 % जाट	05 % सैनी	05 % गुर्जर
22 % अन्य		

तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
बसपा	दानिश अली	6,01,082	51.41
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,37,834	46.01
कांग्रेस	सचिन अग्रवाल	12,150	1.75

2014 का परिणांम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,28,880	48.26
सपा	हुमेरा अख्तर	3,70, 066	33.82
बसपा	फरहत हसन	1,62,983	14.87
रालोद	राकेश टिकैत	9,540	0.87

हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

भोपाल- सिहोर संसदीय सीट

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

चंडीगढ़। चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

एक नजर

सर्वेश अस्थाना की पत्नी की हालत गंभीर, वेंटीलेटर पर

अमृत विचार, लखनऊ : यशभारती से सम्मानित प्रख्यात व्यंग्यकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, भारत सरकार के सलाहकार डॉ. सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना इन दिनों गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्हें संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अंजू पिछले चार महीने से लीवर सिरोसिस की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर है। अंजू अस्थाना को आठ दिसंबर 2023 को लीवर ट्रांसप्लांट यूनिट के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 13 अप्रैल को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उसके बाद वह अचेत हो गईं। उन्हें पोस्ट आपरेटिव वार्ड में शिफ्ट कर वेंटीलेटर पर ले लिया गया। पीजीआई उनके लीवर ट्रांसप्लांट की तैयारी कर चुका है। उन्हें देखने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पीजीआई गए थे।

बाबा साहेब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता

मुख्यमंत्री योगी ने जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बड़े घर में पैदा हो कर बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था।

उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने बाबा साहेब को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।

बाबा साहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी को डॉ .आंबेडकर का छायाचित्र भेंट करते डॉ .भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

सीसीटीवी और ड्रोन से अयोध्या धाम पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रामनवमी पर्व पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था

अमृत विचार : रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में यहां सुरक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है।

इस दौरान अयोध्या धाम क्षेत्र में कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों, गलियों व पार्किंग पर नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों से भी यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। दरअसल, 9 अप्रैल से रामनवमी मेला की शुरुआत हो चुकी है, जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं के मौजूद रहने की संभावना है। ऐसे में पूरे मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

50 फीसदी सरकारी अस्पतालों को लेना होगा एनक्वास सर्टिफिकेट

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में मौजूदा सरकारी अस्पतालों में 50 फीसदी अस्पतालों को अगले साल दिसंबर 2025 तक नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी यह लक्ष्य सभी राज्यों के लिए निर्धारित किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) के डॉ. मुस्तफा खान ने बताया कि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेना है। उन्होंने बताया कि बीते जनवरी में लखनऊ में हुई प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने भी इस पर चर्चा की थी।

झूठ का उद्घोष है भाजपा का घोषणा पत्र

भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए : सीपी राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का उद्घोष है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि पिछले दस सालों से सत्ता पर काबिज भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। डॉ. राय रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा 2014 में जनता को ढेर सारे सब्जबाग दिखाकर केंद्र की सत्ता में आई थी। 2019 में भाजपा ने फिर लोगों को सपने दिखाये, पर धरातल पर जनहित का कोई काम नहीं दिखा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा करने वाली भाजपा सरकार खुद ही दावा करती है कि 80 करोड़ लोगों का जीवन उसकी ओर से दिये गये पांच किलो राशन पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल तो यह उठना चाहिए कि 55 सालों में कांग्रेस ने क्या किया और 16 साल में भाजपा ने क्या किया। कौन भारत के मूल चरित्र को बरकरार रखेगा व संविधान को सुरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में न्याय की बात की है, क्योंकि भाजपा का दस साल का शासन अन्याय काल है। हम प्रतिबद्ध हैं कि भाजपा के इस अन्याय काल को समाप्त कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों को संरक्षित करेंगे और उसे एक आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानजनक और राजनीतिक रूप स्वतंत्र जीवन उपलब्ध कराएंगे।

प्रेस कांफ्रेंस करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ . सीपी राय।

उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : सपा से हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश की प्रयागराज सीट समेत दिल्ली व पंजाब के कुल 10 प्रत्याशी घोषित किये।

इंडी गठबंधन के तहत प्रदेश में मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब अमेठी व रायबरेली के प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इन सीटों पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है। उज्जवल रमण सिंह सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं।

भाजपा की नीयत व नीति भी कांग्रेस की ही तरह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चुनावी लाभ के लिए डॉ.आंबेडकर का दिखावटी सम्मान कर रहे अन्य राजनीतिक दल : मायावती

अमृत विचार : डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने भाजपा को भी कांग्रेस सरीखी पार्टी की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि चुनावी स्वार्थ के लिए जातिवादी पार्टियां बाबा साहेब का दिखावटी सम्मान कर रही हैं। दूसरे दलों के लोग 'मुंह में राम बगल में छुरी' पुरानी कहावत को आज भी चरितार्थ कर रहे हैं। इसलिए बहुजन समाज को इस छलावे से सावधान रहने की जरूरत है।

राजधानी में बसपा राज्य कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान में बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि तरक्की के दरवाजे खोलने के लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी। इसके लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। यह भी कहा कि जैसे कांग्रेस सरकारों में 'गरीबी हटाओ' चुनावी स्लोगन था, उसी प्रकार बीजेपी सरकार में भी नीयत और नीति के अभाव में बहुजनों का बुरा हाल है। नीयत व नीति के मामले में भाजपा व कांग्रेस में कोई भेद नहीं दिखता। बसपा सरकार ने ही सरकारी नौकरियों में बैकलॉग पदों को विशेष अभियान चलाकर बहुजन समाज के लिए रास्ते खोले थे।

कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन

अमृत विचार, वाराणसी : कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर में हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिर अपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौंप दिया था। उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।

बीते वर्ष आग से 3807 इंसानों और 5168 पशुओं की बचाई गई जान

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्निशमन वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र।

राज्य ब्यूरो लखनऊ

▸▸ अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी

अमृत विचार : अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वीरगति प्राप्त हुए जवानों को याद किया गया। इसी के साथ अग्निशमन सप्ताह की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र पहुंचे हुए थे। इस दौरान उनकी अगुवाई में मुंबई में 1944 में बलिदान हुए उन 66 कार्मिकों को याद किया गया, जिन्होंने जहाज में लगी आग को बुझाने के दौरान अपनी जान दी।

उप्र में वर्ष 2023 में अग्निशमन कर्मियों द्वारा कुल 33,047 अग्नि दुर्घटनाएं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 3,807 मनुष्यों व 5,168 पशुओं की जीव रक्षा करते हुए अनुमानित 1 अरब 63 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बचाई गई। अग्निशमन सेवा के ऑनलाइन एनओसी पोर्टल पर वर्ष 2023 से अब तक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 41,323 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,587 आवेदकों को परीक्षणोपरान्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है। अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए एवं अग्निकाण्डों एवं जीव रक्षा पुकारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों को क्रय करके जनपदों को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें हाईड्रोलिक प्लेटफार्म, एडवांस रेस्क्यू टेण्डर, डिजास्टर वैन, हाईप्रेशर पम्प, एम्बुलेंस, रेस्क्यू उपकरण, काम्बीटूल्स, स्मोक एक्झास्टर, फोम जेनरेटर आदि शामिल है।

दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अब तक 146 करोड़ का सामान एजेंसियों ने पकड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। मुख्य जब्ती में लखनऊ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में 84.56 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई। मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई। बाराबंकी क्षेत्र में 14.75 लाख रुपये कीमत की 295 ग्राम ड्रग व सुलतानपुर के सदर क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

परियोजनाओं को मिलेगा त्रैमासिक पुष्टाहार

अमृत विचार, लखनऊ : 40 जिलों की 303 परियोजनाओं को त्रैमासिक पुष्टाहार की आपूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। जो अप्रैल, मई व जून तक के लिए होगा। पुष्टाहार टीएचआर प्लांट से मिलेगा। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशक ने मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को अवगत कराया है। पुष्टाहार वितरण समूह की महिलाएं केंद्रों पर करेंगी।

वर्ग पहेली-40

बाएं से दाएं

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

ऊपर से नीचे

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



वर्ग पहेली -39 का हल

			1 दो	चं	2 द	
3 ए	ल	ब	4 म			हा
			5 हा	ई	फा	ई
	6 दु		ब			
7 अ	ल	क	ली			8 ना
	दु					मि
9 का	ल	को	ठ	री		क

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2			4		
	7			1	6			5
			5					3
		5				9		
	3	7				2	4	
1		4				6		
7			3		5		9	
2			1	4			7	
		6			9		8	

सुडोकू -118 का हल

3	8	4	7	2	5	6	9	1
6	5	2	1	3	9	4	7	8
9	7	1	4	6	8	5	3	2
4	6	7	3	5	1	8	2	9
8	3	9	2	4	7	1	6	5
1	2	5	9	8	6	7	4	3
5	4	8	6	9	2	3	1	7
7	9	3	8	1	4	2	5	6
2	1	6	5	7	3	9	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12 .11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

वृष — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

मिथुन — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

कर्क — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

सिंह — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कन्या — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

धनु — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मकर — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

कुंभ — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

मीन — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12 .00
- एक और एक ग्यारह — रात : 07 .01

&pictures
- रोबोट — सुबह : 10 .56
- रमन राघव 2 .0 — रात : 08 .00

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 11 .23
- टैक्सी ड्राइवर — रात : 07 .55

ZEE CINEMA
- दिल मांगे मोर — सुबह : 09 .50
- हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10 .30

StarGold SELECT
- हीरो — सुबह : 11 .00
- अय्यारी — शाम : 06 .15

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

– योगी आदित्यनाथ

बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

–आदित्य यादव

मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

– एसटी हसन

लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

–जयंत चौधरी

पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

–अजय राय

कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- प्रदेश में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।

आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

मंच से शुरु किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा

आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था। इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास

परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार: गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।

कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।

चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।

आईना : अमेठी लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट



2019 नोटा	2014 नोटा
3,940	1,784

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	408,651
बीजेपी	स्मृति ईरानी	300,748
बसपा	धर्मेन्द्र प्रताप सिंह	57,716
आप	डॉ. कुमार विश्वास	25,527

पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

विस	विधायक	पार्टी
तिलोई	मयंकेश्वर शरण सिंह	भाजपा
जगदीशपुर	सुरेश कुमार	भाजपा
गौरीगंज	राकेश प्रताप सिंह	सपा
अमेठी	महाराज प्रजापति	सपा
सैलोन (रायबरेली)	अशोक कुमार	भाजपा

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	464,195
बसपा	आशीष शुक्ला	93,997
बीजेपी	प्रदीप कुमार सिंह	37,570



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1967 व 71	विद्याधर बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रवीन्द्र प्रताप सिंह	जनता पार्टी
1980	संजय गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1981,84,89 व 91	राजीव गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	सतीश शर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	संजय सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1999	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004,09 व 14	राहुल गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2019	स्मृति ईरानी	भारतीय जनता पार्टी

2004 चुनाव के परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	390,179
बसपा	चंद्र प्रकाश मिश्रा	99,326
भाजपा	राम विलास वेदांती	55,438

नरसिम्हा राव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।

पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम



दल	उम्मीदवार
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह
भाजपा	उदय राज मिश्र
जनता दल	भोला सिंह
बसपा	बशीर पहलवान

11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।

रत्ना सिंह।

चुनावी चक्कर

क्या बोल गए लल्लू?:

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर:

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किंन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

एक नजर

द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

बिलासपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

विषाक्तता से एक की मौत, 75 बीमार

चंद्रपुर। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

- इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुईं प्रभावित

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।

सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी

- तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।

संविधान खत्म करने के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बाबासाहेब बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव आंबेडकर की इस शानदार उपलब्धि को संरक्षित करने से जुड़ा है। रविवार को अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हमारा देश बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बी. आर आंबेडकर की जयंती वैसे वक्त में मना रहा है, जब संविधान को खत्म करने की आवाजें तेज होने लगी हैं। यह निस्संदेह उस व्यवस्थित अभियान का हिस्सा है जिसे कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चलाया है। रणनीति सरल है लेकिन पाखंड से भरी है, उस विरासत को कायम रखने का दिखावा करते रहना।

झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

झुंझुनूं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जत्ता होगा।

इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी

- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

परंपरा और आस्था का सैलाब



बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्तावलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

हिमाचल में बर्फबारी से गुलजार हुई पहाड़ियां, ऑरेंज अलर्ट जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में 'ऑरेंज अलर्ट' के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर हिमपात से माहौल गुलजार हो गया है। वहीं, राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के 12 क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार रहा। शिमला में दोपहर के समय घने बादल छा जाने से बारिश के आसार बने, लेकिन हवाएं चलने से कुछ देर बाद मौसम सुहाना हो गया। वीकेंड पर बर्फ के दीदार को सैलानी गुलाबा और सिस्सू पहुंचे। शुक्रवार रात को नाहन में न्यूनतम तापमान 19.1, धर्मशाला में 18.1, ऊना में 14.2, हमीरपुर में 14.1, बिलासपुर में 13.9, चंबा में 12.9, शिमला में 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

भीलवाड़ा में नकली नोट बरामद, दो पकड़े

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाडा के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने जाली नोटों का असल में प्रयोग करने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार कर एक लाख 88 हजार 600 रुपये के जाली नोट भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति खुद को छिपाते हुये घूम रहे हैं, जिनके पास नकली नोट होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस कलेक्ट्री के पीछे पहुंची, जहां दो व्यक्ति आते दिखे। संदिग्ध होने से दोनों को पुलिस ने रोका। पूछताछ में इन लोगों ने खुद को आकोदिया, ब्यावर निवासी निरंकुश वैष्णव 29 एवं निरंजन वैष्णव 29 बताया।

कारोबार

भारत ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

नई दिल्ली। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की

निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़

रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश

का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

नई दिल्ली। रेस्तरां श्रृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, "सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।" उन्होंने आगे कहा, "उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, "आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4.5 लाख से 5.25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एक नजर

कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

पेट्रोल पंप पर रोबोट भर रहे तेल

बीजिंग। चीन के जियांग्सू के पेट्रो चाइना हुआकियाओ शहर में पेट्रोल पंप पर अब रोबोट काम कर रहे हैं। ये रोबोट ना सिर्फ ईंधन भरते हैं, बल्कि पेमेंट भी लेते हैं। एआई से चलने वाले ये रोबोट गाड़ियों में आने वाली किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कतें भी दूर कर सकते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

तोराजा। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

ओटावा, एजेंसी

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

गर्मी में देशभर के स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगा मुफ्त पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्रालय ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए देशभर में सभी जोनों को स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए टैंकरों को तैनात किया जाएगा। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

साथ ही रेलवे बोर्ड ने गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल के वितरण के लिए विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के डिब्बों के पास महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूह), एनजीओ, स्काउट और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से सहयोग लेने को कहा है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा- उपलब्ध वाटर कूलर्स की स्थिति और नलों में पानी की उपलब्धता पर रोजाना रिपोर्टिंग के जरिए सघन निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। रेलवे बोर्ड ने सभी कैटरिंग स्टॉल और यूनिट्स को पानी बोतल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडल के स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर वेडिंग मशीन कांट्रेक्टर को भी मशीन के निर्बाध संचालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बांध खुद प्यासा...

कोटा : पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

काबुल, एजेंसी

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

रूपनगर। पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

पहल सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

काठमांडू। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं।

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

ब्रिटेन: 70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा

- कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड समेत प्रतिष्ठित विवि ने सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई, 20 हजार भारतीयों को मिलेगा प्रवेश

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा

हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।